www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 203 || लखनऊ
रविवार
25 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com
दैनिक
# तमसा संकेत
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:10
सूर्यास्तः 05:30
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 19°00

पेज 07

विशेष समाचार | कलाकार हैं स्वप्नद्रष्टा और... >>पेज 04 | सपा एमएलसी के रोने के बाद... >>पेज 06 | सुशांत सिंह राजपूत का डिप्रेशन का...

### कारोबारियों का राहुल गांधी को खत... कहा- 10 हजार करोड़ का बिजनेस होगा प्रभावित

# ‘रामलीला मैदान की महारैली स्थगित करें’

**मांग**

तमसा संकेत, एजेंसी

दिल्ली। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से INDIA ब्लॉक की प्रस्तावित रैली को टालने की अपील की है। संगठन ने शनिवार को पत्र लिखकर कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली 10 नवंबर के बाद आयोजित की जाए। CTI का कहना है कि दिवाली के त्योहारी सीजन में रैली के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं और कारोबारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। संगठन ने त्योहारी कारोबार में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। प्रस्तावित रैली विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में आयोजित की जानी है। CTI के मुताबिक, रामलीला मैदान के पांच किलोमीटर के दायरे में चांदनी चौक और कनॉट प्लेस समेत आठ बड़े बाजार हैं। इन बाजारों में दिवाली के दौरान बड़ी संख्या में ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में रैली के दौरान यातायात, आवाजाही और बाजारों तक पहुंच प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के हवाले से बताया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

■ पिछले दिवाली सीजन लगभग ₹75,000 करोड़ बिक्री हुई

### पहले भी प्रदर्शन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विवाद का दावा

दी गई जानकारी के मुताबिक, अक्टूबर में SIR और मुख्य चुनाव आयुक्त के विरोध में विपक्षी दलों की ओर से कई बैठकें और प्रदर्शन किए गए। इसी मुद्दे पर 10 अक्टूबर को एक अन्य संगठन की ओर से भी प्रदर्शन का आह्वान किया गया था।

### व्यापारी बोले- दिवाली व्यापार का पीक सीजन, 4 बातें...

● **दिवाली व्यापार का पीक सीजन:** व्यापारियों ने कहा- धनतेरस, दीपावली और भैया दूज के दौरान दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा कारोबार होता है।

● **पहले हुआ नुकसान:** दावा किया गया कि रैलियों और रास्ते बंद होने से दिल्ली के व्यापारियों को अक्टूबर में पहले ही लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

● **प्रमुख बाजारों पर असर:** कारोबारियों ने कहा- रामलीला मैदान के 5 किमी के दायरे में चांदनी चौक और सदर बाजार जैसे 20 बड़े बाजार हैं, जहां ट्रैफिक डायवर्जन व बैरिकेडिंग से कामकाज ठप हो सकता है।

● **बाहरी खरीदारों को परेशानी:** व्यापारियों ने कहा- नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पास होने के कारण बाहर से आने वाले लाखों खरीदारों व व्यापारियों की आवाजाही प्रभावित होगी।

### पुरानी दिल्ली के बाजारों में एक लाख से ज्यादा दुकानें होने का दावा

व्यापारियों के अनुसार, रामलीला मैदान से पुरानी दिल्ली तक के बाजारों में एक लाख से अधिक दुकानें हो सकती हैं। चांदनी चौक में 75 हजार से ज्यादा दुकानों का दावा किया गया है। वहीं, सदर बाजार में दुकानों की संख्या 15 हजार से 40 हजार के बीच बताई गई है। सदर बाजार में रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। कारोबारियों के मुताबिक, यहां आने वाले ग्राहकों की संख्या 50 हजार से 70 हजार तक हो सकती है। चावड़ी बाजार के कागज कारोबार में भी एक हजार से अधिक व्यापारियों के शामिल होने की बात कही गई है।

**व्यापारियों का कहना है कि दिवाली उनके लिए साल के सबसे महत्वपूर्ण कारोबारी समय में से एक है। इस दौरान बाजारों में ग्राहकों की संख्या बढ़ती है और बिक्री से जुड़े कारोबार में तेजी आती है। सीटीआई ने इसी वजह से रैली की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है।**

### साथ आया विपक्ष

**1 6 अक्टूबर**
राहुल गांधी और INDIA ब्लॉक के सांसदों ने मार्च निकाला। पुलिस ने रास्ते में रोक दिया।

**2 7 अक्टूबर**
मल्लिकार्जुन खड़गे ने सागर रत्ना रेस्टोरेंट में विपक्षी सांसदों के साथ बैठक की। इसके बाद विरोध प्रदर्शन हुआ।

**3 8 अक्टूबर**

खड़गे ने मोएट्स रेस्टोरेंट में बैठक की। राहुल गांधी समेत विपक्षी नेता राजघाट पहुंचे और प्रदर्शन किया।

**4 9 अक्टूबर**

राहुल गांधी, खड़गे, ममता बनर्जी समेत विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कथित ‘वोट चोरी’ के आरोपों पर ज्ञापन सौंपा।

**5 12 अक्टूबर**

राहुल और INDIA ब्लॉक के नेताओं ने SIR के खिलाफ मार्च निकाला और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

**6 13 अक्टूबर**

राहुल ने INDIA ब्लॉक के नेताओं, छात्र संगठनों और सिविल सोसाइटी के सदस्यों को अपने घर चाय पर बुलाया।

## क्रूज पर हेलिकॉप्टर से उतरे कमांडो, सुखोई ने स्टंट दिखाए

**वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार को एयर शो का दूसरा दिन रहा। सारंग हेलिकॉप्टरों ने गंगा के ऊपर आसमान में तिरंगा बनाया। घाटों की परिक्रमा की। कमांडोज नमो घाट पर हेलिकॉप्टर से रस्सी के सहारे क्रूज पर उतरे। फिर कुछ ही देर में हेलिकॉप्टर पर वापस चढ़ गए। राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमानों की गर्जना से नमो घाट गूंज उठा। हवा में सुखोई की कलाबाजियां देखकर लोग तालियां बजाते रहे। लड़ाकू विमान कभी हवा में अचानक मुड़ जाते, तो कभी नीचे जमीन की तरफ आने लगते, फिर अचानक ऊपर की ओर मुड़कर गोल-गोल गुलाटियां मारने लगते। एयर शो में कुल 100 विमानों ने हिस्सा लिया। इनमें 15 परिवहन विमान, 32 हेलिकॉप्टर और विंटेज विमान सारनाथ भी शामिल रहे। विमानों ने देशभर के 12 एयरबेस से उड़ान भरकर काशी के आसमान में करतब दिखाए। एयरशो देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। विदेशी पर्यटकों ने कहा कि विमानो का करतब मजा आ गया। 25 अक्टूबर को एयरशो का तीसरा यानी आखिरी दिन है। इस दौरान PM मोदी भी काशी पहुंचेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

## फारूक के बिगड़े बोल : दिल्ली की नीयत ठीक नहीं, हक के लिए लड़ो, वरना मिट जाओगे

तमसा संकेत, एजेंसी

बारामूला। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा- केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### अब्दुल्ला ने कहा- जुल्म के खिलाफ एकजुट हों, 4 बड़ी बातें

■ **सम्मान पाने के लिए पैरों पर खड़ा होना होगा :** जब तक आप अपने पैरों पर खड़े नहीं होते, तब तक आपको कभी सम्मान नहीं मिलेगा, मेरी यह बात याद रखना। अगर आप अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने रब को याद करें और उनके दिखाए रास्ते पर चलें।

■ **एकजुट होंगे तभी बच पाएंगे :** बहुत से लोग आए और चले गए। हमने राजनीति में ऐसे बड़े-बड़े दिग्गजों को देखा है जिन्होंने हम पर जुल्म किए। याद रखें, जब तक आप एकजुट नहीं होंगे, तब तक आप कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे।

■ **हमारे बच्चे इतिहास को नहीं जानते :** आज हमारे बच्चे मोबाइल लेकर घूम रहे हैं लेकिन मां-बाप को पता नहीं कि वह क्या कर रहे हैं। जम्मू में नेशनल-कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और भाजपा जबकि कश्मीर में कितनी पार्टियां खड़ी की गईं? हर घर में पार्टी खड़ी की गई। बस पैसा आता है और वह अपना ईमान बेचने के लिए तैयार हैं।

■ **भाजपा शासित राज्यों में बुलडोजर चल रहा :** भारत के बाकी हिस्सों में जहां भाजपा की सरकार है, क्या आप देख रहे हैं कि कैसे लोगों की बस्तियां उजाड़ी जा रही हैं, उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं और उनकी दुकानें तोड़ी जा रही हैं? क्या आपसे कुछ छिपा है।

**फास्ट न्यूज**

### दिल्ली के स्कूल में 12वीं की छात्रा की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित सर्वोदय बाल बालिका विद्यालय में शनिवार दोपहर 12वीं क्लास की एक छात्रा का शव मिला। छात्रा की उम्र करीब 18 साल है।

पुलिस ने बताया कि PCR कॉल के जरिए स्कूल में आग लगने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची।

### केरलम राज्यपाल ने पद संभालते ही लोकभवन में नॉनवेज रोका

तिरुवनंतपुरम। केरलम के नए राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के पद संभालने के कुछ घंटे बाद ही लोकभवन में मांसाहारी खाना बनाने और परोसने पर रोक लगा दी। कांग्रेस और विपक्षी CPI(M) ने इस फैसले की आलोचना की।

कांग्रेस ने कहा कि क्या अब राज्यपाल तय करेंगे कि क्या खाना है। राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि माथुर शाकाहारी हैं। इसी वजह से उन्होंने यह बदलाव कराया। सूत्रों ने साफ किया कि लोकभवन के कर्मचारियों के खाने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।

### सुप्रीम कोर्ट का पैनल जंतर-मंतर हिंसा से जुड़ी शिकायतें सुनेगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर्ड इंक्वायरी कमेटी 29 अक्टूबर को जंतर-मंतर हिंसा की सुनवाई करेगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई से जुड़े सबूत पेश कर सकता है। कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर 36 दिन प्रदर्शन किया था।

## जामिया के 5 स्टूडेंट 13वें दिन भी भूख हड़ताल पर

### मांग- छात्र संघ बहाल हो, यहां 20 साल से चुनाव नहीं हुए

**विरोध**

एआईएसए ने प्रेस रिलीज में कहा, “भूख हड़ताल कर रहे छात्रों और प्रदर्शन स्थल पर हमला किया जा रहा है। यह जामिया प्रशासन का सबसे क्रूर चेहरा दिखाता है।”

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के पांच छात्रों की भूख हड़ताल शनिवार को 13वें दिन भी जारी है। छात्र जामिया में स्टूडेंट्स यूनियन (JMISU) बहाल करने और चीफ प्रॉक्टर को हटाने की मांग कर रहे हैं।

### ‘फ्री कश्मीर’ नारे पर छात्रों का बयान

यूनिवर्सिटी कैंपस में ‘फ्री कश्मीर’ नारे वाली ग्रैफिटी को लेकर चल रहे विवाद पर भी अनस ने बात की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बाधित करने के लिए एक नैरेटिव फैलाया जा रहा है। उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन से मामले की जांच कराने की मांग की। अनस ने कहा, “हमें नहीं पता कि यह नैरेटिव प्रशासन फैला रहा है या कोई और। यह जांच का विषय है, क्योंकि जामिया की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन की है।

### 6 साल के लिए पार्टी से निकाला ■ विधायक पद से भी हटेंगे!

## नीतीश को सिक्कों से तौलने वाले अनंत जेडीयू से आउट

**मांग**

तमसा संकेत, एजेंसी

पटना। बिहार विधान परिषद चुनाव में जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार के खिलाफ प्रचार और बयानबाजी करना मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह को महंगा पड़ गया है। जनता दल यूनाइटेड (JDU) ने अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। साथ ही अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा भी विधानसभा अध्यक्ष से की गई है। आदेश के अनुसार, पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के प्रति अमर्यादित एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध काम करने के कारण अनंत सिंह पर कार्रवाई की गई है।

### जन सुराज प्रत्याशी के पक्ष में अनंत सिंह ने किया था प्रचार

विधान परिषद चुनाव के दौरान अनंत सिंह और जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार के बीच तल्खी सामने आई थी। अनंत सिंह ने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी अनुज कुमार का समर्थन किया था। इसके बाद से ही जदयू में उनके खिलाफ कार्रवाई की अटकलें लगाई जा रही थीं। पार्टी के इस फैसले के बाद अब अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता को लेकर आगे की प्रक्रिया पर नजर रहेगी।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पार्टी विधानसभा अध्यक्ष से भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता अविलंब समाप्त करने की अनुशंसा करती है। जदयू ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

**टिप्पणी :** सीआईडी सीरियल का नाम लेकर कहा- बाल के टुकड़े से केस सुलझा देते थे

## मैं होता तो माफिया को दो किक मारता : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में सीएम योगी ने पुलिस की जमीन पर माफिया के कब्जे का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा- भूमाफिया ने पुलिस के नाम दर्ज जमीन अपने नाम करा ली थी और दुनिया की सबसे बड़ी यूपी पुलिस मौन बनी रही। योगी ने कहा, “मैं होता तो उसे बुलाता, दो किक मारता और जमीन खाली कराता। आज अपराधी एक चौराहे पर अपराध करता है और अगले चौराहे पर ढेर हो जाता है।” योगी ने टीवी सीरियल CID का जिक्र किया। कहा- पहले परिवार में पांच लोग होते थे तो पांचों के मुंह पांच ओर नहीं होते थे। लेकिन, आज छत एक है और उसके नीचे रहने वाले जितने जीव हैं, उन सबकी दिशाएं अलग-अलग हैं। वे साथ-साथ नहीं हैं। पहले परिवार एक साथ सीरियल देखता था।

>> (शेष पेज 06 पर)

*सीएम योगी ने कहा कि नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद फॉरेंसिक साक्ष्यों का महत्व बढ़ गया है। सात साल या उससे अधिक सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की व्यवस्था मजबूत की जा रही है। इसी दिशा में प्रदेश में 150 से अधिक फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई हैं।*

### अब हमारे फॉरेंसिक एक्सपर्ट घटना के तत्काल बाद पहुंच जाते हैं

योगी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की जरूरत बताई थी। इसके बाद विशेषज्ञों की भूमिका तय करने और सैंपल जुटाने वाले कर्मियों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में अब तक करीब 1,000 पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इससे जरूरत पड़ने पर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में प्रशिक्षित कर्मियों को भेजकर जांच में मदद ली जा सकेगी।

## पीस बॉन्ड साइन नहीं करूंगी : नेहा बोरा

### मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जवाब दाखिल के लिए समय दिया

**निर्देश**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नेहा बोरा शनिवार को स्पेशल एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (SEM) कोर्ट पहुंची। SEM कोर्ट ने पुलिस को नेहा बोरा के वकील को संबंधित दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उनके वकील को जवाब दाखिल करने के लिए समय भी दिया। कोर्ट में जाने से पहले नेहा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। वे 10 हजार का पीस बॉन्ड साइन नहीं करेंगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक दिन पहले पुलिस के नोटिस को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। नेहा 16 अक्टूबर को दिल्ली के मंडी हाउस में ‘लहरा दो तिरंगा’ मार्च में शामिल हुई थीं।

■ नेहा ने सीपीआई(एमएल) लिबरेशन के पार्लियामेंट्री ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

■ नेहा बोरा को 17 अक्टूबर को सुबह करीब 5 बजे रिहा किया गया था।

## सीढ़ियों पर साथ में बहन भी थी ■ स्टाइलिश ड्रेस में 2 वीडियो सामने आए

# मॉडल श्रद्धा शिवा का हाथ पकड़ फ्लैट से उतरते दिखी

**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में करोड़पति कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड की आरोपी श्रद्धा दुबे के शनिवार को दो और वीडियो सामने आए हैं। पहले वीडियो में श्रद्धा अकेले जबकि, दूसरे वीडियो में सीढ़ी से शिवा का हाथ पकड़कर नीचे उतरते हुए दिख रही है। इस दौरान उसकी बहन रश्मि भी दोनों के साथ है।



श्रद्धा का पहला वीडियो सुबह तड़के का है, जिसमें वो लेट नाइट पार्टी करके अकेले लौटती दिख रही है। उसमें वह वेस्टर्न ड्रेस पहने दिखाई दे रही। वहीं दूसरा वीडियो 4 अगस्त का बताया जा रहा है।शिवा की मौत के बाद से श्रद्धा दुबे से जुड़े कई वीडियो चर्चा में हैं। इसके अलावा घटना वाले दिन श्रद्धा समेत कोई भी सीढ़ियों का इस्तेमाल नहीं किया। सभी चालाकी से लिफ्ट का इस्तेमाल करके निकल गए क्योंकि श्रद्धा को फर्स्ट फ्लोर पर सीसीटीवी लगे होने की जानकारी थी। इसके अलावा बालकनी के तरफ लगा सीसीटीवी की डायरेक्शन भी उसको पता थी क्योंकि जिस तरफ शिवा गिरा है, वह सीसीटीवी के बैक साइड है। जबकि, श्रद्धा का फ्लैट और अजय राय का फ्लैट एक ही फेस पर बना हुआ है।

### 'अपार्टमेंट में सीसीटीवी लगने से नाराज थी'

श्रद्धा के अपार्टमेंट में रहने वाले पड़ोसी अजय राय ने बताया कि वह काफी गुस्सैल किस्म की है। वह ऐसे-ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती थी, जो कोई पुरुष भी बोलने से पहले सोचता है, लेकिन वह बेधड़क उसी भाषा में बात करती थी। जब हमने सीसीटीवी लगाया था, तो उसे लेकर भी श्रद्धा ने झगड़ा किया था। वह गाली देते हुए अपने फ्लैट तक गई थी।

■ शनिवार सुबह श्रद्धा का ये वीडियो पहले सामने आया, जिसमें वो अकेले फ्लैट पर लौटते हुए दिख रही है।

**कोर्ट ने गुरुवार को मॉडल श्रद्धा दुबे, उसकी बहन और ड्राइवर समेत 10 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। इससे पहले पुलिस ने हजरतगंज थाने में उससे साढ़े 6 घंटे तक पूछताछ की थी। तीनों को घटना के 11 दिन बाद नागपुर के एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया था।**

## डिग्री कॉलेज के निर्माण में देरी पर भड़के नगर आयुक्त

### ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और लापरवाही पर सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जब नगर आयुक्त अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज पहुंचे, तो वहां चल रहे निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी मिली। कार्य की इस सुस्ती पर नगर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कार्य में अपेक्षित तेजी नहीं लाई गई, तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट (डिबार) करने की कड़ी कार्रवाई पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जोन-7 के अंतर्गत बंधा रोड पर बनाए जा रहे नए आरआर वर्कशॉप का नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया। यहां उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति को परखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तय समयसीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ इस वर्कशॉप का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करवाएं। नगर आयुक्त जोन-6 स्थित कश्मीरी मोहल्ला स्कूल पहुँचे, जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान और क्राफ्ट के सुंदर मॉडलों की प्रदर्शनी को देखा और बच्चों की सराहना की।

**फास्ट न्यूज**

### पीएसीएस कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

लखनऊ। लखनऊ के इको गार्डन में शनिवार को प्रदेशभर की साधन सहकारी समितियों के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। पैक्स (PACS) कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की व्यवस्था सरकारी कोष से करने, बकाया वेतन दिलाने और वेतन निर्धारण की व्यवस्था में बदलाव की मांग उठाई।

### लखनऊ में बस की टक्कर से घायल ठेकेदार की मौत

मोहनलालगंज । लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र के सेक्टर-12बी चौराहे पर बस की टक्कर से घायल पाइपलाइन ठेकेदार देवेंद्र कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को ट्रामा सेंटर में उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मुआवजा देने की मांग को लेकर परिजन अड़े रहे। सूचना पर पीएसी और पीजीआई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार को काफी देर तक समझाया।

### डिज़ाइन शिक्षा पर केंद्रित कॉन्क्लेव

लखनऊ। लखनऊ में एकेडमी फॉर क्रिएटिव स्टूडेंट्स (एसीएस) की ओर से शनिवार को 'आकार-द नेशनल डिजाइन कॉन्क्लेव 2026' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजाइन शिक्षा, रचनात्मकता, फैशन इंडस्ट्री और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसरों से परिचित कराना रहा। फैशन डिजाइन प्रतियोगिता में सिटी मांटेसरी स्कूल की चौक शाखा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## 45 महिलाओं के साथ बैरक में बंद श्रद्धा कोई मिलने नहीं पहुंचा

### खाने में मिली दाल-रोटी, सुबह 6 बजे जगाई गई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के चर्चित शिवा शर्मा हत्याकांड की आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे, रश्मि दुबे और उसके ड्राइवर तनवीर को गुरुवार को जिला जेल भेजा गया। क्वारंटाइन रहने के बाद शुक्रवार को दोनों बहनों को 45 महिलाओं की सामान्य बैरक में शिफ्ट किया गया। जेल पहुंचने के बाद श्रद्धा ने किसी से बात नहीं की। शुक्रवार तड़के कुछ देर के लिए आंख लगी, लेकिन सुबह 6 बजे जेल प्रशासन ने जगा दिया। जेल प्रशासन के मुताबिक, गुरुवार रात जेल में दाखिले के समय श्रद्धा सामान्य दिखने की कोशिश कर रही थी, लेकिन उसके चेहरे पर तनाव नजर आ रहा था। रात के खाने में उसे साबुत उड़द की दाल, रोटी और आलू-सोया मेथी की सब्जी दी गई। जिसे पूरा नहीं खाया। शुक्रवार सुबह नाश्ते में मीठी दलिया और चाय दी गई।

गुरुवार को हजरतगंज थाने में तीनों से अलग-अलग करीब साढ़े 6 घंटे तक पूछताछ की गई। लेकिन श्रद्धा ने किसी बात का जवाब नहीं दिया। उसने पुलिस टीम से कहा कि आप मेरे वकील से बात करिए। सिविल अस्पताल में तीनों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने शाम को कोर्ट में पेश किया। इसके बाद लखनऊ कोर्ट ने तीनों को 10 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### लग्जरी लाइफ छोड़कर जेल के नियमों को मानना होगा

लग्जरी लाइफस्टाइल अपना चुकी श्रद्धा को अब सब छोड़कर जेल के नियमों को मानना होगा। वहीं की दिनचर्या के हिसाब से श्रद्धा और उसकी बहन रश्मि को रहना होगा। उसे एक सामान्य बैरक मिला है जिसमें 45 अन्य महिला कैदी हैं। सबके लिए बनने वाले खाने से ही उसे भी मिलेगा। उसे कोई भी अतिरिक्त सुविधा नहीं दी जाएगी। जेल के नियमों के चलते शुक्रवार सुबह 6 बजे श्रद्धा को जगा दिया गया। सुबह 7 बजे नाश्ते में मीठी दलिया और चाय दी गई। करीब 11 बजे दोपहर के भोजन में साबुत उड़द और राजमा की दाल, आलू-लौकी की सब्जी, चावल और रोटी दिया गया।

### 34,845 आवेदन स्वीकृत, पात्र लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाने के लिए डिजिटल सत्यापन पर जोर

## योगी सरकार में 72,540 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य

**सहयोग**

- योगी सरकार में बेटियों के विवाह की पहल लोकप्रियता के शिखर पर, सामूहिक विवाह योजना में 1.16 लाख से अधिक आवेदन
- अब तक 28,833 जोड़ों की शादी संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों के विवाह के लिए सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बनकर सामने आई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के तहत प्रदेशभर से 1,16,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। योगी सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में 72,540 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें 28,833 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह पर कुल 1 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में गृहस्थी बसाने के लिए दिए जाते हैं, जबकि 21 हजार रुपये वैवाहिक उपहार सामग्री और 15 हजार रुपये विवाह समारोह की आवश्यक व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य परिवारों पर विवाह के दौरान पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना और नवदंपती को नई गृहस्थी शुरू करने में सहयोग देना है। योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-केवाईसी और ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से आय एवं जाति प्रमाणपत्रों के डिजिटल सत्यापन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही आधार आधारित भुगतान प्रणाली के जरिए पात्र लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में सहायता राशि पहुंचाने का प्रावधान है।

### 34,845 आवेदन स्वीकृत, पात्रता के आधार पर हो रही जांच

समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि, वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त कुल 1,16,668 आवेदनों में से 34,845 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि जांच के दौरान 11,679 आवेदन अपात्र पाए गए हैं। शेष आवेदनों की स्थिति स्पष्ट होने पर योजना के तहत आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया की तस्वीर और साफ होगी। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के खर्च में राहत देना और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करना है।

### गुणवत्तापूर्ण संचालन एवं बेहतर प्रबंधन के लिए केंद्रों को मिला आईएसओ प्रमाणन

## योगी सरकार का दिव्यांग बच्चों की शुरुआती शिक्षा पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश में 3 से 7 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के लिए बचपन डे केयर सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता विकसित करने, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षिक सहयोग उपलब्ध कराने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में वर्तमान में 25 बचपन डे केयर सेंटर संचालित हैं, जिनकी कुल क्षमता 1,490 बच्चों की है। इनमें 1,463 बच्चे नामांकित हैं। इस प्रकार केंद्रों की कुल क्षमता के सापेक्ष लगभग 98 प्रतिशत नामांकन दर्ज किया गया है। योजना के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में अवशेष जनपदों में 28 नए बचपन डे केयर सेंटरों की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। इससे अधिक दिव्यांग बच्चों तक प्रारंभिक शिक्षा और आवश्यक सहयोग की सुविधाएं पहुंचाने में मदद मिलेगी। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों को शुरुआती उम्र से शिक्षा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बचपन डे केयर सेंटरों के माध्यम से 3 से 7 वर्ष तक के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में संचालित 25 केंद्रों में 1,463 बच्चों का नामांकन इस पहल की उपयोगिता को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अवशेष जनपदों में 28 नए केंद्रों की स्थापना की मंजूरी से अधिक बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

**बचपन डे केयर सेंटरों में सेवाओं की गुणवत्ता और संचालन व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रों को गुणवत्ता प्रबंधन एवं संचालन व्यवस्था के लिए आईएसओ प्रमाणन प्रदान किया गया है। इससे निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाओं के संचालन और प्रबंधन में निरंतर सुधार को प्रोत्साहन मिलेगा।**

### 18 मंडलीय जनपदों सहित सात आकांक्षी जिलों में संचालन

प्रदेश में लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली, आगरा, सहारनपुर, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, बस्ती, मिर्जापुर, आजमगढ़, कानपुर नगर, अयोध्या, गोंडा और गोरखपुर में बचपन डे केयर सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सात आकांक्षी जिलों चंदौली, सिद्धार्थनगर, बहराइच, श्रावस्ती, फतेहपुर, बलरामपुर और सोनभद्र में भी नए केंद्रों का संचालन शुरू हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अवशेष जनपदों में 28 नए केंद्रों की स्थापना को मिली मंजूरी से इस पहल का और विस्तार होगा।

### विभिन्न श्रेणियों के 1,463 बच्चों को मिल रहा लाभ

बचपन डे केयर सेंटरों में नामांकित बच्चों में 465 श्रवण-बाधित, 342 दृष्टिबाधित, 520 बौद्धिक दिव्यांग और 136 लर्निंग डिसेबिलिटी (एलडी) से संबंधित बच्चे शामिल हैं। इन केंद्रों का उद्देश्य बच्चों को उनकी जरूरतों के अनुरूप सीखने का वातावरण उपलब्ध कराना, संवाद एवं सामाजिक व्यवहार विकसित करने के अवसर देना और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए तैयार करना है।

## राजधानी के वृंदावन मैदान में किसानों की महापंचायत

### बिजली, सिंचाई समेत 8 विभागों से जुड़ी मांगें उठाईं

तमसा संकेत, एजेंसी

मोहनलालगंज । भारतीय किसान क्रांति यूनियन की ओर से 24 अक्टूबर को वृंदावन मैदान में आयोजित किसान महापंचायत के जरिए किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। यूनियन ने लखनऊ में नवंबर 2025 से लागू वर्टिकल विद्युत व्यवस्था समाप्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग की। इसके साथ ही बिजली, सिंचाई, कृषि, गन्ना भुगतान, राजस्व और छुट्टा पशुओं समेत किसानों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को मांगपत्र सक्षम अधिकारी के माध्यम भेजेंगे।

यूनियन ने ऊर्जा विभाग और उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से गलत बिजली बिल, मीटर संबंधी शिकायतों, फॉल्ट और विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराने की मांग की। कृषि नलकूपों को निर्धारित समय तक बिजली देने और शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर भी जोर दिया गया।

लघु सिंचाई विभाग से उथली, मध्यम गहरी और गहरी बोरिंग योजनाओं की जांच कराने की मांग की गई। खराब बोरिंग की तकनीकी जांच कर पात्र मामलों में मरम्मत तथा पाइप, पी-ग्रेवल, गिट्टी, माप पुस्तिका और बोरिंग प्रमाणपत्र से जुड़े अभिलेखों का सत्यापन कराने की बात कही गई।

**जांच :** प्रदेशभर में किए गए अब तक 149 निरीक्षण, 79 मामलों में सुधार नोटिस जारी करने की संस्तुति

## यूपी में ऑनलाइन फूड स्टोर्स पर यूपीएफएसडीए की बड़ी कार्रवाई

- 4 के लाइसेंस निलंबित और कारोबार बंद
- 21 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए भेजे गए, निरीक्षण अभियान जारी
- ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना अभियान का लक्ष्य

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने प्रदेशव्यापी विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत ब्लिंकिट, जेप्टो, अमेजन, रिलायंस, मेट्रो समेत विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े वेयरहाउस, डार्क स्टोर्स और खाद्य आपूर्ति केंद्रों की जांच की जा रही है। अभियान के दौरान अब तक चार स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित कर खाद्य कारोबार का संचालन बंद कराया गया है। वहीं, कुल 149 निरीक्षण किए गए हैं और 21 खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं। निरीक्षण में खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, परिसर की स्वच्छता, तापमान नियंत्रण, वैधता अवधि और लाइसेंस की शर्तों के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गाजियाबाद में आरडीएल के निकट स्थित जेप्टो वेयरहाउस स्टोर के निरीक्षण के दौरान परिसर में अत्यधिक गंदगी, दीवारों पर जाले, क्षतिग्रस्त फर्श और खाद्य परिसर में कॉकरोच पाए गए। खाद्य परिसर में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी गंभीर कमियों को देखते हुए प्रतिष्ठान के खाद्य लाइसेंस के निलंबन की कार्रवाई की जा रही है।

**'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के तहत ब्लिंकिट, जेप्टो, अमेजन, रिलायंस समेत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के वेयरहाउस और डार्क स्टोर्स की गहन जांच**

**गाजियाबाद के जेप्टो वेयरहाउस में गंदगी और कॉकरोच, कानपुर में भंडारण व लाइसेंस संबंधी अनियमितताएं उजागर**

**आगरा में करीब 68 हजार रुपये मूल्य के मखाने के 273 पैकेट सीज**

### चार स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित, खाद्य कारोबार बंद

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन में कमियां मिलने पर चार स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं और खाद्य कारोबार का संचालन बंद कराया गया है। इसके अलावा, 79 मामलों में सुधार सूचना (इंप्रूवमेंट नोटिस) जारी करने की संस्तुति की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें विभिन्न जिलों में निरीक्षण कर रही हैं। जांच के दौरान सामने आने वाली अनियमितताओं के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## उत्तर रेलवे द्वारा ट्रैक्शन पावर कंट्रोलरों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू

### उत्तर रेलवे में रेल परिचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता को बेहतर बनाने की दिशा में पहल

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के विद्युत विभाग ने ट्रैक्शन पावर कंट्रोलरों के तकनीकी कौशलए परिचालन दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सुव्यवस्थित क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का पहला तीन दिवसीय बैच 12 से 14 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया गया। नवंबर 2026 के अंत तक कुल छह बैच आयोजित किए जाने निर्धारित हैंए जिनमें उत्तर रेलवे के सभी छह मण्डलों को शामिल किया जाएगा। पहले बैच में उत्तर रेलवे के जम्मूए फिरोजपुरए अम्बालाए दिल्लीए मुरादाबाद और लखनऊ मण्डलों के कुल 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्युत प्रशिक्षण केन्द्रए गाजियाबाद में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली मण्डल में ैब्।क्। एवं त्ब्ब् केन्द्रों तथा चाणक्यपुरी स्थित 25 केवी ट्रैक्शन सब.स्टेशन का क्षेत्रीय भ्रमण भी कराया गया।

25 केवी ट्रैक्शन विद्युत आपूर्ति की निगरानी और नियंत्रणए फील्ड स्टाफ एवं परिचालन नियंत्रण के साथ समन्वय तथा विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की स्थिति से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में कक्षा आधारित प्रशिक्षणए सिम्युलेटर पर व्यावहारिक अभ्यास और क्षेत्रीय प्रशिक्षण को शामिल किया गया हैए ताकि कर्मचारी सामान्य परिचालन परिस्थितियों के साथ.साथ आपातकालीन स्थितियों में भी सुरक्षित और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। प्रणालियोंए ट्रैक्शन सब.स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा फील्ड स्टाफ एवं नियंत्रण केन्द्र के साथ समन्वय से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिन ैब्।क्। प्रशिक्षण सिम्युलेटर पर व्यावहारिक अभ्यास कराया गयाए जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप परिचालन संबंधी निर्णय लेने और आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास करने का अवसर मिला। तीसरे दिन चाणक्यपुरी स्थित ट्रैक्शन सब.स्टेशन में उपकरणों के संचालन और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी देने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### 13 केंद्रों पर होगी परीक्षा, सीसीटीवी से निगरानी, 25, 30 अक्टूबर और 1 नवंबर को दो पालियों में होगी परीक्षा

# पीईटी में गड़बड़ी की तो एफआईआर

**तैयारियां**

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। जिले में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET) को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई

की जाएगी। जिले में PET परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में संपन्न होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक पाली में 4556 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और परीक्षा निर्धारित समय पर संपन्न कराई जा सके। परीक्षा में नकल और अन्य अनिय-

**सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अभ्यर्थियों की सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं।**

मितताओं पर रोक लगाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अधिकारियों ने केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था प्रभावी रखने और परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। अभ्यर्थियों की सघन जांच करने को भी कहा गया है, जिससे प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा कक्ष तक न पहुंच सके। डीएम घनश्याम मीणा और एसपी जयप्रकाश सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्राथमिकता है।

## डीएसएन और बेनहर कॉलेज का किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक उत्तरी आयुष श्रीवास्तव और अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार ने डीएसएन कॉलेज और बेनहर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने CCTV कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों, प्रवेश-निकास और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। केंद्र व्यवस्थापकों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने और पुलिस-प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर राजेश कुमार विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अग्निशमन विभाग को जरूरत के अनुसार दमकल गाड़ियां तैनात रखने और विद्युत विभाग को परीक्षा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीसीटीवी से निगरानी, केंद्रों पर होगी सख्त चेकिंग

सभी परीक्षा केंद्रों पर CCTV कैमरे लगाए गए हैं। अभ्यर्थियों की सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बस स्टेशन पर हेल्प डेस्क बनाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर मेडिकल टीम तैनात रहेगी।

## गोपनीयता से खिलवाड़ किया तो होगी कार्रवाई

डीएम ने प्रश्नपत्रों और परीक्षा से जुड़े अभिलेखों के लिफाफों में निर्धारित प्रपत्र रखने में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की शंका का समय रहते समाधान किया जाए। परीक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ या उसकी शुचिता भंग करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ FIR दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण

### खरीद शुरू न करने पर एसडीएम ने दी वेतन रोकने की चेतावनी

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जनपद में धान खरीद व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। डीएम राहुल पाण्डेय के आदेशानुसार और एडीएम (न्यायिक) राजेंद्र कुमार के निर्देश पर शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने हरदोई मण्डी स्थित धान खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने केंद्र प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि लापरवाही बरतने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों ने धान खरीद के संबंध में आंकड़े उपलब्ध कराए। हरदोई मण्डी परिसर में किसानों की उपज खरीदने के लिए कुल 27 केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें विपणन

विभाग के 10, मण्डी समिति के 6, यूपीएसएस (UPSS) के 4, पीसीएफ (PCF) के 2 और पीसीयू (PCU) के 5 केंद्र शामिल हैं। इन सभी केंद्रों के माध्यम से अब तक कुल 241.60 कुंतल से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने सभी केंद्र प्रभारियों को धान खरीद में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रभारी तुरंत किसानों से संपर्क कर धान खरीद की प्रक्रिया को गति दें।

**फास्ट न्यूज**

### लापता युवक का शव गोमती नदी में मिला

बाराबंकी। बाराबंकी में चार दिन से लापता 20 वर्षीय रामकरन का शव शुक्रवार को असंद्रा थाना क्षेत्र में गोमती नदी से बरामद हुआ। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तिरगांव रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। रामकरन सतरिख थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव का रहने वाला था।

### चोरी की बाइक से एटा में 56 लाख की लूट

उन्नाव। उन्नाव में जिला अस्पताल परिसर से चोरी हुई अपाचे बाइक का इस्तेमाल एटा में ज्वेलर्स कारोबारी से 56 लाख रुपये की लूट में किए जाने का मामला सामने आया है। बाइक चोरी की शिकायत के बाद तीन दिन तक एफआईआर दर्ज नहीं होने के आरोप पर एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने जिला अस्पताल चौकी इंचार्ज अंजनी सिंह को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इंद्रानगर निवासी निकेत चौधरी की अपाचे बाइक 21 अक्टूबर को जिला अस्पताल परिसर से चोरी हो गई थी। बाइक चोरी होने के बाद उन्होंने जिला अस्पताल चौकी में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

### शादी में 25 लाख खर्च-फिर भी 10 लाख की मांग

हरदोई। हरदोई में विवाह में 25 लाख रुपए खर्च करने के बावजूद 10 लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने पति और उसके रिटायर्ड कानूनगो चाचा समेत चार ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता की शादी के करीब 28 महीने बाद महिला थाने में डीपी एक्ट में यह प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### हरदोई की खिलाड़ी व कोच को खेल और सामाजिक योगदान के लिए मिला सम्मान

# रक्षामंत्री ने अंतरराष्ट्रीय-खिलाड़ी पूनम तिवारी को दिल्ली में किया सम्मानित

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाली महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच पूनम तिवारी को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में सम्मानित किया है। इस विशेष सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी रक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। यूपी का प्रतिनिधित्व पूनम तिवारी ने किया। शनिवार की दोपहर 1:00 बजे पूनम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी मुलाकात रक्षा मंत्री से शुक्रवार को हुई थी। पूनम तिवारी ने अपनी खेल यात्रा के दौरान वर्ष 2002 में दक्षिण कोरिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय

प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर देश और जिले का मान बढ़ाया था।

खेल के क्षेत्र में उनके इस अप्रतिम योगदान को देखते हुए 29 अगस्त 2026 को जिला खेल कार्यालय हरदोई की ओर से भी उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।

खेल के प्रति उनका समर्पण केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने वर्ष 2002 से 2018 तक जिला खेल कार्यालय हरदोई में एनआ-ईएस कोच के रूप में अपनी सेवाएं देकर अनगिनत नई प्रतिभाओं को तराशा।

इसके अलावा उन्होंने साउथ एशियन चैंपियनशिप सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगि-ताओं में निष्पक्ष रेफरी एवं ऑफिशियल की भूमिका भी निभाई है।भारतीय ओलंपिक संघ से संबद्ध रहते हुए उन्होंने हैंडबॉल, योगा, आर्म रेसलिंग और जूडो जैसे खेलों के उत्थान में अहम भूमिका निभाई तथा देश के 26 राज्यों की सहभागिता वाली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का कुशल संचालन किया। खेल के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में स्वीप (SVEEP) आइकन के रूप में मतदाताओं को जागरूक किया और पुलिस बल, सेना, मीडिया तथा युवाओं को निःस्वार्थ भाव से शारीरिक दक्षता एवं अनुशासन का प्रशिक्षण दिया।

**पूनम तिवारी ने बताया कि वह शुक्रवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करने गई थीं, जहां उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश के साथ-साथ हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के चुनिंदा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।**

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की हुई मौत

### हींग व्यापारी लखनऊ रेफर, ऐजा-नेवादा गांव के बीच हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में शुक्रवार शाम साढ़े 6 बजे सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर पीछे बैठे हींग व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा लोनार थाना क्षेत्र में ऐजा और नेवादा गांवों के बीच हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायल व्यापारी को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। लोनार थाना क्षेत्र के पुरौरी गांव निवासी शिवमान सिंह (40) पुत्र रामकुमार सिंह खेती-बाड़ी करते थे। गोंडा जिले के रहने वाले अशोक कुमार (48) हींग का

**हादसे की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई शिवनाथ सिंह ने बताया कि शिवमान खेती-बाड़ी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी मनु और इकलौता बेटा अगम सिंह है। पिता की मौत से बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया है।**

व्यापार करते हैं। उनका शिवमान सिंह के घर आना-जाना था। शुक्रवार को अशोक कुमार पुरौरी गांव आए थे। इसके बाद दोनों किसी काम से समुदा गांव गए। काम निपटाकर देर शाम बाइक से वापस पुरौरी लौट रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे ऐजा और नेवादा गांवों के बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शिवमान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

# नए वोटरों के नाम जोड़ने का अभियान चला

### डीएम और सपा नेता ने बूथों पर पहुंचकर जायजा लिया, युवा मतदाताओं के जुड़ने का मौका

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए शनिवार को उन्नाव जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत विभिन्न मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की मौजूदगी में पात्र लोगों से फॉर्म-6 भरवाए गए। अभियान के दौरान युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। दोपहर में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर अभियान का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए 17 और 24 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाया गया। इसके लिए सभी बीएलओ को निर्धारित बूथों पर मौजूद रहकर पात्र मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए गए थे।

अभियान के दौरान फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया अपनाई गई। प्रशासन की ओर से बूथों पर निर्धारित व्यवस्थाओं के साथ अभियान संचालित किया गया, ताकि पात्र लोगों को पंजीकरण कराने में परेशानी न हो। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए पंचायत, ब्लॉक और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। इन कर्मचारियों को युवा मतदाताओं को जागरूक करने और उन्हें पंजीकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए बूथ स्तर पर लोगों को जानकारी देने और पंजीकरण प्रक्रिया में सहयोग करने पर जोर दिया गया।

## युवा मतदाताओं पर राजनीतिक दलों की नजर

मतदाता सूची के विशेष अभियान में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने को लेकर प्रशासन के साथ राजनीतिक दल भी सक्रिय नजर आए। आगामी चुनावों में युवा मतदाताओं की भूमिका को देखते हुए पात्र युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराने और बूथ स्तर पर सक्रियता बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है।

## सदर विधानसभा क्षेत्र में सपा नेता ने भी किया निरीक्षण

सदर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के नेता वीरेंद्र शुक्ला भी अपने समर्थकों के साथ कई बूथों पर पहुंचे।

उन्होंने वहां चल रहे अभियान की स्थिति देखी और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया का जायजा लिया।

प्रशासन के अनुसार, पिछले विशेष अभियान के दौरान भी बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीकरण कराया था। इस बार भी युवाओं में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को लेकर उत्साह देखने को मिला।

अभियान के माध्यम से पात्र युवाओं को मतदाता बनने का अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

## सपा नेता ने समर्थकों के साथ किया दौरा

*सदर विधानसभा क्षेत्र में सपा नेता वीरेंद्र शुक्ला ने समर्थकों के साथ कई बूथों पर पहुंचकर अभियान की स्थिति देखी। उनके साथ उमा लाल यादव, सुनील सिंह, अवधेश यादव, राजन कनौजिया, नीरज आचार्य और दिलीप बाजपेयी मौजूद रहे। इसके अलावा रोहित साहू, आशा अग्रवाल, रशीद मास्टर, आजम, विक्रम सिंह भदौरिया, शुभम तिवारी और इशांत तिवारी समेत अन्य समर्थक भी अभियान के दौरान मौजूद रहे।*

# विधायक ने बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का जायजा लिया

### नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया जानी

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में विधायक गौरव कुमार रावत ने शनिवार को जैदपुर विधानसभा के बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया देखी। उन्होंने मसौली समेत कई बूथों पर बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची के काम जाने। विधायक ने नाम जोड़ने, संशोधन और छूटे पात्र मतदाताओं को शामिल करने की प्रक्रिया पूछी। यह भी जाना कि मतदाताओं को नाम जुड़वाने या संशोधन में दिक्कत तो नहीं हो रही। गौरव कुमार रावत ने कहा कि लोकतंत्र में हर पात्र नागरिक का वोट देने का अधिकार बहुत जरूरी है। यह तय होना चाहिए कि कोई पात्र मतदाता सूची में शामिल होने या वोट से वंचित न रहे। उन्होंने बीएलओ को कामों में गंभीरता बरतने और जरूरी जानकारी देने पर जोर दिया। इस दौरान मसौली ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश यादव, दादरा प्रधान मोबीन सिकंदर, अवध राम वर्मा, शरीफ कुरैशी प्रधान, जिला उपाध्यक्ष रिजवान संजय, शैलेंद्र वर्मा, रिजवान जकरिया, लवकुश वर्मा और खुर्शीद अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# किसानों ने चीनी के दाम-घटाने को लेकर किया प्रदर्शन

### डीएम को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, गन्ने का भाव 700 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जनपस में शनिवार को किसान समस्याओं को लेकर किसान यूनियनों ने लामबंद होकर कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 1:30 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान यूनियन के तीन प्रमुख संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर गहन मंथन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम को अपनी 16 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन 3:30 बजे चलता रहा। प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के जिलाध्यक्ष लल्ला सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ज्ञापन में उठाई गई किसानों की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो संगठन बड़े स्तर पर

आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी के मण्डल अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह चौहान ki मौजूदगी में किसान प्रतिनिधियों ने स्थानीय व क्षेत्रीय समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से चीनी के बढ़ते दामों पर विरोध व्यक्त करते हुए इसे 40 रुपये प्रति किलो से बढ़ाकर 70 रुपये करने का विरोध किया और इसे पुनः 40 रुपये करने अथवा गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 700 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग रखी। साथ ही कोरोना काल से बंद बघौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव पुनः बहाल करने, ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कटौती रोककर 18 घंटे बिजली देने, जर्जर तार व पोल बदलने तथा बघौली में बंद पड़े आधार केंद्र को तुरंत चालू कराने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त साधन सहकारी समितियों को चालू करने, विक्टोरिया गंज माइनर का पानी गांवों तक पहुंचाने, खाद की कालाबाजारी रोकने, हाल ही में बनी खराब प्रतापनगर-बघौली सड़क पर जांच कर कार्रवाई करने और दुर्घटनाएं रोकने हेतु स्पीड ब्रेकर बनवाने पर जोर दिया गया। किसानों ने पुरवा देवरिया में चल रही चकबंदी प्रक्रिया निरस्त कराने, आवारा पशुओं को गौशाला में भेजने, कचहरी परिसर में पेयजल व्यवस्था कराने, जलभराव वाले क्षेत्रों में कीटनाशक छिड़काव और मवेशियों का मुफ्त टीकाकरण कराने की भी पुरजोर मांग की।

# गैस सिलेंडर से दुकान में लगी आग

### ग्रामीणों और दुकानदारों ने पानी-बालू से बुझाई

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली में मिल एरिया थाना क्षेत्र के गौरीगंज हरदासपुर चौराहे पर शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे गैस सिलेंडर से एक दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान से ऊंची लपटें उठने लगीं। धुएं का गुबार और आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

आग लगने की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए काफी मशक्कत की। इस दौरान दुकान में रखा सामान आग की चपेट में आकर जल गया। मकान

मालिक के अनुसार, आग लगने से करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

दुकान में आग लगने से परिवार को आर्थिक क्षति पहुंची है। आग में मेहनत से जुटाया गया सामान जलने के कारण परिवार के सदस्य दुखी हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल रहा। आग लगने के सटीक कारणों और नुकसान के आकलन के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की हुई मौत

### उन्नाव में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर हादसा, रायबरेली का रहने वाला था

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर शनिवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार मजदूर राहुल ठाकुर (30) की मौत हो गई। त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के पास एक अज्ञात डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल राहुल को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जाजमऊ चौकी प्रभारी विनोद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल राहुल को जिला अस्पताल

पहुंचाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राहुल रायबरेली जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र के बरियार-गंज गांव के निवासी थे। राहुल मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा है। उनकी अचानक मौत से घर में मातम पसरा है। परिवार के कमाऊ सदस्य के चले जाने से पत्नी और बेटे के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सम्पादकीय

## वोट चोरी का शिगूफा

वोट चोरी के विपक्षी दलों के दुष्प्रचार की काट के लिए भाजपा ने राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ने का जो निर्णय लिया, वह उचित ही है, क्योंकि इस दुष्प्रचार के तहत यह भी अफवाह फैलाई जा रही है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसे चुनावी लाभ प्रदान कर रहा है।

अच्छा होता कि भाजपा की ओर से ऐसा कोई अभियान पहले ही छेड़ा जाता। चूंकि इस काम में देर हुई, इसलिए अब उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके साथ संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को संकीर्ण राजनीतिक कारणों से बदनाम करने के विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का प्रतिकार प्रभावी तरीके से हो। उसे अपनी बात पुष्ट प्रमाणों और अकाट्य तर्कों के साथ रखनी होगी। इस क्रम में उन झूठे आरोपों की पोल भी खोलनी होगी, जिनकी आड़ में यह माहौल बनाया जा रहा है कि विपक्षी दलों के समर्थकों के नाम वोटरलिस्ट से जानबूझ-कर बाहर किए जा रहे हैं।

हालांकि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि विपक्षी दलों के आरोपों में कोई दम नहीं, लेकिन खीझ में आकर वे इस उक्ति को चरितार्थ करने में जुट गए कि किसी झूठ को सौ बार दोहराया जाए तो वह सच लगने लगता है। वास्तव में वोट चोरी के शिगूफे के पीछे विपक्ष ने इसी उक्ति को अपना हथियार बना लिया है।

एक ओर जहां एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा को अपने हिस्से का काम करना होगा, वहीं चुनाव आयोग को भी सक्रिय होना होगा, क्योंकि एसआईआर के समय उसकी ओर से नोटिस जारी कर लोगों से जो आवश्यक जानकारी या प्रमाणपत्र मांगे जाते हैं, उसके आधार पर ही यह शोर मचाया जा रहा है कि वोट चोरी हो रही है। इस नोटिस में केवल यह लिखा होता है, 'आपने गणना प्रपत्र में अपने या स्वजनों के बारे में वांछित जानकारी नहीं भरी या फिर उसका मिलान नहीं हो पा रहा है।

आपका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो सके, इसके लिए इस तिथि तक अमुक दस्तावेज भेज दें। किसी कठिनाई पर बीएलओ से संपर्क करें।' अनेक लोगों को ऐसे नोटिस मिले और उन्होंने आवश्यक दस्तावेज जमाकर अपने नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराए। जिन्होंने ऐसा नहीं किया, बीएलओ ने उनसे खुद संपर्क किया। इसके बाद भी लोगों को वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाने का अवसर दिया जाता है।

विपक्ष इसी नोटिस के आधार पर वोट चोरी का शोर मचाकर मुख्य चुनाव आयुक्त का त्यागपत्र तो मांग रहा, लेकिन यह नहीं बता रहा कि आखिर राज्य सरकारों के अधीन काम करने वाले बीएलओ यह कैसे जान सकते हैं कि कौन वोटर किस दल को वोट देता है? जब ऐसा संभव ही नहीं तो फिर इसे कोरे झूठ के अलावा और क्या कहा जा सकता है कि चुनाव आयोग विपक्ष को वोट देने वालों के नाम काट रहा है?

# कलाकार हैं स्वप्नद्रष्टा और शांतिपूर्ण भविष्य के शिल्पी

> 66
> अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस हमें इस दिशा में सामूहिक संकल्प लेने का अवसर देता है। विशेष रूप से नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि सृजनशीलता का सर्वोच्च उपयोग केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज को अधिक न्यायपूर्ण, सुंदर और मानवीय बनाने में है।

कला एवं कलाकार मानव सभ्यता की आत्मा है। यह वह अनंत भाषा है, जिसके माध्यम से मनुष्य अपने अंतरतम की संवेदनाओं, अनुभूतियों, विचारों और स्वप्नों को रूप, रंग, ध्वनि, शब्द, लय और भावों में अभिव्यक्त करता है। जब आदिम मानव-कलाकारों ने गुफाओं की दीवारों पर अपनी अनुभूतियों को चित्रित किया होगा, जब किसी कलाकार ने पत्थर को तराशकर उसमें आकृति का सौंदर्य खोजा होगा अथवा किसी ने प्रकृति की ध्वनियों से प्रेरित होकर पहली बार सुरों को साधा होगा, तभी से कला ने मानव जीवन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई होगी। कला की यात्रा वस्तुतः मानव चेतना के विकास, उसकी कल्पना-शीलता और उसकी संवेदनशीलता की यात्रा है। प्रत्येक वर्ष 25 अक्टूबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस इसी सृजनशील चेतना को सम्मान देने तथा समाज और सभ्यता के निर्माण में कलाकारों के योगदान को पहचानने का अवसर है। लेकिन इस दिवस की सार्थकता केवल कलाकारों का अभिनंदन करने, चित्रकला प्रदर्शनियों का आयोजन करने, संगीत समारोहों में भाग लेने अथवा कलाकृतियों की प्रशंसा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। आज जब विश्व युद्धों की आशंकाओं, आतंकवाद, हिंसा, धार्मिक एवं वैचारिक टकराव, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और महाशक्तियों के वर्चस्ववादी संघर्षों से घिरा हुआ है, तब कला और कलाकार की भूमिका पहले से कहीं अधिक व्यापक और महत्त्वपूर्ण हो जाती है। प्रश्न यह है कि क्या मनुष्य की तकनीकी प्रगति, आर्थिक समृद्धि और सैन्य शक्ति उसे अधिक शांतिप्रिय बना सकी है? यदि नहीं, तो निश्चित रूप से हमें उस मानवीय चेतना की ओर लौटना होगा, जो मनुष्य को केवल शक्तिशाली नहीं, बल्कि संवेदनशील, सहिष्णु और करुणाशील बनाती है। कला इसी चेतना का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। वर्तमान विश्व की विडंबना यह है कि एक ओर विज्ञान ने दूरियों को समाप्त कर दिया है, संचार के साधनों ने दुनिया को एक वैश्विक परिवार का स्वरूप दिया है और आर्थिक संबंधों ने राष्ट्रों को परस्पर निर्भर बनाया है; दूसरी ओर मनुष्यों के बीच अविश्वास, घृणा और संघर्ष की दीवारें भी ऊँची होती जा रही हैं। युद्धभूमियों में बिखरते परिवार, आतंकवाद की भेंट चढ़ते निर्दोष जीवन, विस्थापन की पीड़ा झेलते बच्चे और वर्चस्व की राजनीति में कुचले जाते छोटे राष्ट्र इस प्रश्न को सामने रखते हैं कि विकास का वास्तविक अर्थ क्या है? क्या विकास केवल ऊँची इमारतों, आधुनिक हथियारों, विशाल बाजारों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक सीमित है, अथवा उसका वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के जीवन को सुरक्षित, सुंदर, स्वतंत्र और आनंदमय बनाना भी है? कला और कलाकार इस प्रश्न का उत्तर मनुष्य के हृदय में खोजते हैं। वे याद दिलाते हैं कि सभ्यता की महानता विनाश की क्षमता से नहीं, बल्कि सृजन, संरक्षण और सह-अस्तित्व की योग्यता से मापी जानी चाहिए। राजनीति और कूटनीति जहाँ कई बार हितों, सीमाओं और शक्ति-संतु-लन के गणित में उलझ जाती हैं, वहीं कला और कलाकार मनुष्य के साझा दुख और साझा आनंद को सामने लाती है। एक चित्रकार युद्ध से उजड़े घर की तस्वीर बनाता है, तो उसमें किसी एक देश का नहीं, संपूर्ण मानवता का दर्द दिखाई देता है। एक संगीतकार जब करुणा से भरी धुन छेड़ता है, तो उसकी भाषा समझने के लिए किसी अनुवाद की आवश्यकता नहीं होती। किसी कवि की पंक्तियों में व्यक्त प्रेम, किसी नर्तकी की भाव-भंगिमा में

झलकती पीड़ा और किसी मूर्तिकार की रचना में उभरती मानवीय गरिमा भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर हृदयों को जोड़ती है। यही कला की वह शक्ति है, जो शत्रुता के बीच संवाद, निराशा के बीच आशा और विभाजन के बीच आत्मीयता के पुल बना सकती है। कला और युद्ध के बीच का अंतर भी गहरे चिंतन का विषय है। युद्ध की मानसिकता दूसरे को पराजित करने में अपनी विजय खोजती है, जबकि कला दूसरे के अनुभव को समझने की दृष्टि प्रदान करती है। युद्ध सीमाओं पर दीवारें खड़ी करता है, कला उन दीवारों के पार झाँकना सिखाती है। हथियार शरीर को घायल करते हैं, किंतु घृणा मनुष्य की आत्मा को भी आहत करती है; कला उस आत्मा के घावों को भरने का प्रयास करती है। जहाँ हिंसा प्रतिशोध को जन्म देती है, वहीं सच्चा कलात्मक सृजन सहानुभूति और आत्ममंथन की प्रेरणा देता है। इसका अर्थ यह नहीं कि कला अकेले युद्ध रोक सकती है अथवा कलाकारों की अभिव्यक्ति मात्र से आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। युद्धों को रोकने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, न्यायपूर्ण नीतियाँ, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी संस्थाएँ आवश्यक हैं। लेकिन इन प्रयासों को स्थायी आधार देने के लिए ऐसी मानवीय चेतना चाहिए, जो हिंसा को गौरव और शांति को कमजोरी न समझे। कला इसी चेतना के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में कला का संबंध केवल मनोरंजन से नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता से भी रहा है। यहाँ संगीत साधना है, नृत्य भावों की अभिव्यक्ति है, साहित्य लोकमंगल की चेतना है और लोककला समुदायों की स्मृति एवं पहचान का जीवंत दस्तावेज है। जैन दर्शन का अहिंसा और अनेकांत का संदेश भी हमें सिखाता है कि सत्य को समझने के लिए दृष्टियों की विविधता का सम्मान आवश्यक है। अनेकांत की भावना कला की प्रकृति से मेल खाती है, क्योंकि एक ही दृश्य, घटना अथवा अनुभूति को अलग-अलग कलाकार भिन्न दृष्टिकोणों से अभिव्यक्त कर सकते हैं। इन विविध अभिव्यक्तियों को स्थान देना संवाद, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व को मजबूत करता है। इसके बावजूद आज कलाकारों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं। बाजार का दबाव कई बार कला को केवल लाभ और लोकप्रियता की कसौटी पर परखता है। त्वरित प्रसिद्धि की चाह, अभिव्यक्ति पर अनुचित प्रतिबंध, सांस्कृतिक असहिष्णुता और रचनात्मक स्वतंत्रता के प्रति संदेह कलाकार की संभावनाओं को सीमित कर सकते हैं। डिजिटल माध्यमों ने सृजन के अवसर बढ़ाए हैं, लेकिन सतही लोकप्रियता की प्रतिस्पर्धा ने गंभीर कलात्मक अभिव्यक्ति के सामने नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं।

**- ललित गर्ग**

## वैश्विक मंचों पर जब...

अशोक भाटिया

# ऐतिहासिक पाप विकसित देशों का, तो पर्यावरण का आर्थिक और सामाजिक दंड भारत क्यों भुगते?

**यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें और औद्योगिक क्रांति के दौर से लेकर आज तक के आंकड़ों का निष्पक्ष विश्लेषण करें, तो जिम्मेदार और पीड़ित का अंतर साफ नजर आता है। आज जो देश खुद को पर्यावरण का मसीहा घोषित कर रहे हैं और विकासशील देशों को उपदेश दे रहे हैं, उन्होंने अपनी समृद्धि की इमारत जीवाश्म ईंधन की अंधाधुंध भट्टी पर खड़ी की है। यूरोप और अमेरिका ने सदियों तक कोयले, तेल और गैस का बेतहाशा इस्तेमाल करके अपने उद्योगों को चमकाया, अपने नागरिकों को विलासिता का जीवन दिया और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत किया।**

जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण आज इक्कीसवीं सदी के सबसे बड़े वैश्विक विमर्श बन चुके हैं। दुनिया भर के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक और राष्ट्राध्यक्ष साल-दर-साल बड़े-बड़े सम्मेलनों में बैठते हैं, पर्यावरण को बचाने की कसमें खाते हैं और नई प्रतिबद्धताओं के घोषणापत्र जारी करते हैं। लेकिन इन भव्य आयोजनों की चमक-दमक के पीछे एक ऐसा कड़वा सच छिपा है, जिसे वैश्विक मंचों पर अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है। यह कड़वा सच है 'जलवायु न्याय' का अभाव और विकसित देशों का वह ऐतिहासिक पाखंड, जिसने आज पूरी दुनिया को विनाश की कगार पर ला खड़ा किया है। सदियों से चले आ रहे इस पाखंड को दुनिया के सामने पूरी तार्किकता और आक्रामकता के साथ बेनकाब करने का काम हाल ही में भारत ने किया है। जर्मनी में आयोजित 'बर्लिन ग्लोबल डायलॉग' के प्रतिष्ठित मंच से भारत के केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पश्चिमी देशों के दोहरे मापदंडों पर जो तीखा प्रहार किया, उसने वैश्विक पर्यावरण राजनीति की चूलें हिला दी हैं। पीयूष गोयल ने बिना किसी हिचकिचाहट के विकसित देशों के प्रतिनिधियों के



सामने यह स्पष्ट और दो-टूक सवाल दागा कि आखिर इस पूरी गड़बड़ी के लिए असली जिम्मेदार कौन है। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि ओजोन परत को नुकसान किसने पहुंचाया, वातावरण में यह सारा जहरीला कार्बन किसने भेजा, यह पूरी समस्या पश्चिमी और विकसित देशों की ही पैदा की हुई है। पीयूष गोयल का यह बयान केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं है, बल्कि यह उन अरबों लोगों की आवाज है जो बिना किसी गलती के विकसित देशों के ऐतिहासिक पापों का सामाजिक और आर्थिक दंड भुगतने के लिए मजबूर किए जा रहे हैं। उस दौर में न तो उन्हें कार्बन उत्सर्जन की चिंता थी और न ही पृथ्वी के बढ़ते तापमान की। आज वातावरण में मौजूद ग्रीनहाउस गैसों का एक बहुत बड़ा हिस्सा इन्हीं विकसित देशों की ऐतिहासिक देन है। दूसरी ओर, भारत जैसे देश का इतिहास देखें, तो हमारी संस्कृति और जीवनशैली हमेशा से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर जीने की रही है। आंकड़ों के आईने में यह सच साफ झलकता है कि भारत दुनिया की लगभग सत्रह प्रतिशत आबादी का घर है, लेकिन वैश्विक ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन में हमारा योगदान तीन प्रतिशत से भी कम है। वर्तमान में भी एक औसत भारतीय का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन, किसी भी यूरोपीय या अमेरिकी नागरिक के उत्सर्जन के मुकाबले एक बेहद छोटा हिस्सा मात्र है। ऐसे में यह सवाल उठना पूरी तरह न्यायसंगत है कि जिस औद्योगिक विकास की मलाई विकसित देशों ने खाई, उसका सामाजिक और आर्थिक दंड भारत का गरीब किसान, मजदूर और आम नागरिक क्यों भुगते।

वैश्विक मंचों पर जब भी पर्यावरण संरक्षण के नियमों की बात आती है, तो विकसित देश बड़ी चतुराई से 'समान लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों' के सिद्धांत को दरकिनार करने की कोशिश करते हैं। साल २०१५ के ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते में इस सिद्धांत को कानूनी रूप से स्वीकार किया गया था, जिसका सीधा मतलब था कि जिन्होंने पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाया है, वे इसके सुधार के लिए ज्यादा वित्तीय और तकनीकी जिम्मेदारी उठाएंगे। इसी समझौते के तहत विकसित देशों ने वादा किया था कि वे विकासशील और गरीब देशों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए हर साल १०० अरब डॉलर की 'क्लाइमेट फंडिंग' प्रदान करेंगे। लेकिन इस वादे की हकीकत क्या है, इसे भी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बेहद मुखरता से दुनिया के सामने रखा। उन्होंने साफ किया कि इस वादे को एक दशक से भी ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन जमीन पर पश्चिमी देशों की तरफ से वित्तीय सहायता की डिलीवरी पूरी तरह शून्य रही है।

## दिव्यांगजन...

मो0 इक़बाल खान

# प्रदेश के दिव्यांगजनों के लिए आर्थिक स्वावलंबन बन रही है दिव्यांगजन भरण-पोषण अनुदान योजना

उत्तर प्रदेश, जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के नाते, प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उ0प्र0 में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में कुल दिव्यांगजन की संख्या-41,57,514 है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 31,66,615 एवं शहरी क्षेत्र के 990899 दिव्यांगजन सम्मिलित हैं। उ0प्र0 जैसे विशाल और विविधतापूर्ण प्रदेश में समावेशी विकास की अवधारणा तभी सार्थक मानी जाती है जब समाज के हर वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजन को समान अवसर और अधिकार प्रदान करते हुए विकास किया जाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश के सभी वर्गों का समान रूप से विकास किया जा रहा है। सशक्तिकरण एक बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को उनके अधिकारों, संसाधनों और अवसरों तक पहुँच प्रदान करना है। जब दिव्यांगजनों की बात आती है, तो सशक्तिकरण का अर्थ उन्हें केवल सहायक उपकरण देना नहीं, बल्कि उन्हें एक गरिमामय जीवन जीने के लायक बनाना भी है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण का अर्थ ही है कि उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और समान अवसर प्रदान किया जाये ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। दिव्यांगजन भरण-पोषण अनुदान योजनाः प्रदेश सरकार की यह योजना राज्य की सबसे व्यापक योजना है जो दिव्यांगजनों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इस योजनान्तर्गत पूर्व में 300/- प्रति माह प्रति व्यक्ति की दर से अनुदान प्रदान किया जाता था, जिसे वर्तमान सरकार द्वारा अप्रैल, 2017 में बढ़ा कर 500/- प्रति माह प्रति व्यक्ति करते हुए तथा पुनः दिसम्बर, 2021 में 500/- से बढ़ा कर 1000/- प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 की समाप्ति पर दिव्यांग पेंशनर्स की संख्या-8,75,992 थी, जो अद्यतन 12.23 लाख से अधिक हो गयी है। इस प्रकार वर्ष 2017 के पश्चात 312433 नवीन दिव्यांगजनों को चिन्हित कर लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 179518.69 लाख रूपये बजट प्राविधान के सापेक्ष 31210.57 लाख रूपये की धनराशि व्यय करते हुए अभी तक कुल 10,44,022 लाभार्थियों के खातों में पेंशन/अनुदान भेजी गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12.23 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 1000 रू0 प्रतिमाह की दर से पेंशन दी गई है।

भारत सरकार ने दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा के लिए त्पहीजे व ि्चमतेवदे ूपजी क्पेंइपसपजपमे ।बज.2016 ;त्क्ूक् ।बजद्ध लागू किया है। इस कानून के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को मान्यता दी गई है । यह कानून शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा में आरक्षण तथा समान अवसर सुनिश्चित करता है। उ0प्र0 सरकार का दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य कर रहा है।

# कटघरे में सत्ता की नैतिकता फैसला अदालत के हाथ

लोकतंत्र में किसी मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी कसौटी केवल चुनाव जीतकर सत्ता में पहुंचना नहीं बल्कि सत्ता में रहते हुए कानून, संवैधानिक मर्यादाओं और सार्वजनिक जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित करना भी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रांची की विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में बरगाईं की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़े मामले में आरोप तय होना इसी व्यापक सवाल को सामने लाता है। मामला अब मुकदमे के अगले चरण में प्रवेश कर चुका है। लेकिन इस घटनाक्रम को समझने के लिए दो बातों को एक साथ याद रखना जरूरी है—आरोपों की गंभीरता और न्यायिक प्रक्रिया में आरोपी की बेगुनाही की कानूनी धारणा। 30 सितंबर 2026 को रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोप तय किए। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित हुए और उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए खुद को बेगुनाह कहा। अदालत ने अभियोजन पक्ष को गवाह और साक्ष्य पेश करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख निर्धारित की गई है। इस मामले में सोरेन से पहले 16 अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए जा चुके थे। यहां एक बुनियादी कानूनी अंतर समझना जरूरी है। अदालत द्वारा आरोप तय किए जाने का अर्थ यह नहीं है कि आरोपी दोषी साबित हो गया। इसका अर्थ है कि अदालत ने उपलब्ध सामग्री के आधार पर मुकदमे को आगे बढ़ाने का चरण पार किया है। अब अभियोजन पक्ष को अपने आरोपों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे, गवाहों के बयान दर्ज होंगे और बचाव पक्ष को उन पर सवाल उठाने का अवसर मिलेगा। अंतिम निर्णय न्यायिक परीक्षण के बाद ही होगा। इसलिए आरोप तय होने को दोषसिद्धि मान लेना न्यायिक प्रक्रिया की गलत व्याख्या होगी।

**- कुमार कृष्णन**

## जरा हटके

## पठन-पाठन के ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# अटल आवासीय विद्यालय योजना से बच्चों का संवरता भविष्य

प्रदेश सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों के बच्चों को उच्चस्तरीय और निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'अटल आवासीय विद्यालय योजना' राज्य में सामाजिक न्याय और शैक्षणिक पुनरुत्थान का सशक्त माध्यम बन चुकी है। यह महत्वाकांक्षी योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा निराश्रित व कोविड काल में अनाथ हुए छात्र-छात्राओं के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव ला रही है। जनपद जौनपुर में इस जनकल्याणकारी पहल का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है, जहाँ के श्रमिक परिवारों की नई पीढ़ी अब अभावों की सीमाओं को पार कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

प्रशासनिक व्यवस्था के तहत जनपद जौनपुर वर्तमान में वाराणसी मंडल के कार्यक्षेत्र में सम्मिलित है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत जौनपुर के पात्र मेधावी छात्र-छात्राओं को वाराणसी के करसड़ा (राजातालाब) स्थित आधुनिक अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाकर लाभान्वित किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रहने वाले ग्रामीण एवं श्रमिक पृष्ठभूमि के बच्चे आज इस आवासीय परिसर में आधुनिक शैक्षणिक परिवेश और गरिमापूर्ण जीवन का अनुभव कर रहे हैं।

इस परिवर्तनकारी योजना की सार्थकता जौनपुर जनपद के ग्रामीण अंचल की छात्रा जाह्नवी के जीवन से प्रमाणित होती है। एक सामान्य राजगीर मिस्त्री परिवार से संबंध रखने वाली जाह्नवी के लिए उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्राप्त करना एक समय अत्यंत कठिन चुनौती थी। सीमित पारिवारिक संसाधनों के बावजूद जाह्नवी ने जिला प्रशासन और श्रम विभाग द्वारा आयोजित अटल आवासीय विद्यालय की पारदर्शी प्रवेश परीक्षा में अपनी प्रतिभा सिद्ध की। वर्तमान में वह करसड़ा स्थित विद्यालय परिसर में कक्षा 11 वीं की नियमित छात्रा है और अपने उज्ज्वल भविष्य की ठोस नींव रख रही है। छात्रा जाह्नवी के अनुसार, यह योजना श्रमिक वर्ग के बच्चों के लिए वास्तविक वरदान सिद्ध हुई है, जहाँ आवास, पौष्टिक भोजन, गणवेश, पाठ्य-पुस्तकें, स्टेशनरी और स्वास्थ्य देखभाल जैसी सभी मूलभूत आवश्यकताएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार, खेलकूद और आत्मबल का ऐसा सकारात्मक वातावरण मिलता है, जो उन्हें किसी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनने के लिए प्रेरित करता है। जनपद जौनपुर में जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के समन्वित प्रयासों से इस योजना के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (न्ठब्ब्ॅ) के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना' के पात्र बच्चों की पहचान हेतु जनपद के विकास खंडों, तहसीलों और ग्राम पंचायतों में निरंतर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा है कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में जौनपुर से आवेदन करने वाले बच्चों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है।

जिला विद्यालय निरीक्षक एवं श्रम कार्यालय तंत्र के माध्यम से कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शी व्यवस्था के तहत किया जाता है। ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों के श्रमिक परिवारों को आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा पाठ्यक्रम तथा चयन मानकों की विस्तृत जानकारी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वास्तविक रूप से पात्र और वंचित बच्चे इस व्यवस्था से जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

विद्यालय परिसर में छात्रों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम के अनुरूप आधुनिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। भाषा और विज्ञान के सैद्धांतिक अध्ययन के साथ-साथ यहाँ सुसज्जित कंप्यूटर लैब, भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान की आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय और डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस बहुआयामी शैक्षणिक दृष्टिकोण के माध्यम से जौनपुर के ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चे भी डिजिटल साक्षरता और तकनीकी दक्षता में दक्ष हो रहे हैं।

पठन-पाठन के अतिरिक्त छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए परिसर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, योग तथा अन्य शारीरिक गतिविधियों के लिए मानक खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष बल दिया जाता है, जहाँ आहार विशेषज्ञों के परामर्श पर आधारित पौष्टिक एवं संतुलित भोजन छात्रावास में निःशुल्क दिया जाता है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय सुविधाएं भी प्रशासन द्वारा समय पर सुनिश्चित की जाती हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के द्वितीय चरण का विस्तार राज्य के सभी 57 गैर-मंडलीय जनपदों में किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दूरगामी नीति के तहत जनपद जौनपुर में स्थानीय स्तर पर नए अटल आवासीय विद्यालय परिसर की स्थापना हेतु प्रशासनिक स्तर पर भूमि चिन्हांकन तथा प्रारंभिक तकनीकी प्रक्रियाओं को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। जनपद स्तर पर पृथक परिसर स्थापित होने से जौनपुर के श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 1 से 12 तक की संपूर्ण आवासीय शिक्षा जनपद की सीमा के भीतर ही सुलभ हो सकेगी। आर्थिक विषमता और सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने में अटल आवासीय विद्यालय योजना एक क्रांतिकारी मॉडल बनकर उभरी है। जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार का यह साझा प्रयास श्रम शक्ति के सम्मान और वंचित वर्ग के सशक्तिकरण को नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है।

### चंद्रशेखर बोले- डीएम भी अपने बच्चे सरकारी स्कूल में, मोरना में चंद्रशेखर आजाद ने सरकार पर बोला हमला

# 'सरकार ने नमाज पढ़ने वालों को जूते मारकर जेल भेजा'

**आयोजन**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुजफ्फरनगर। नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शनिवार को मुजफ्फरनगर के मोरना में आयोजित रैली के दौरान धार्मिक मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क पर नमाज अदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जबकि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रमों के लिए पुलिस अनुमति नहीं देती। उन्होंने कहा कि सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देती है, लेकिन उसकी नीतियों में तुष्टीकरण की सोच है। चंद्रशेखर आजाद दोपहर

करीब ढाई बजे मोरना पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से अपनी पार्टी के प्रत्याशी रविन्द्र भाटी के समर्थन में रैली को संबोधित किया। इस दौरान गुर्जर समाज के लोगों ने उन्हें सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति भेंट कर स्वागत किया। रैली को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सरकार सड़क पर नमाज अदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहेब की जयंती मनाने के लिए भी पुलिस अनुमति नहीं देती।

#### ये सरकार कभी शिक्षा फ्री में नहीं देगी

एक तरफ इस सरकार की नीति है कि सरकारी स्कूल बंद करो। गरीबों का भविष्य बर्बाद करो। वहीं आजाद पार्टी की नीति है 1-12 तक सभी बच्चों को शिक्षा दो। हम लोग जब शिक्षा की बात करते हैं, तब सरकार मंदिर-मस्जिद की बात करती है। हिंदू-मुस्लमान की बात करती है, क्योंकि ये आपको रोटी फ्री दे देंगे, दाल फ्री दे देंगे, चावल फ्री दे देंगे, नमक-चीनी फ्री दे देंगे लेकिन शिक्षा फ्री नहीं देंगे। क्योंकि शिक्षा आपको आगे बढ़ने की समझ देती है।

चंद्रशेखर को मंच पर एक छोटे बच्चे ने पैसों से भरी गुल्लक भेंट की।

#### सभी के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ें

चंद्रशेखर ने शिक्षा की नीति में बदलाव लाने की बात पर कहा, हम लोग ऐसी पॉलिसी लाएंगे कि कक्षा-1 के बाद चाहे किसी ग्रामीण का बच्चा हो या फिर सचिवालय में बैठने वाले का बच्चा, किसी पटवारी का हो, कानूनगो हो, तहसीलदार हो, एसडीएम हो, एडीएम हो, डीएम हो, कमिश्नर हो। गांव का प्रधान हो चाहे जिला पंचायत अध्यक्ष हो सबके बच्चों को शिक्षा सरकारी स्कूल में मिलनी चाहिए। सरकारी नौकरी भी उसी को मिले, जिसने अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में पढ़ाया हो। प्राइवेट स्कूल का मुकाबला अभी गरीब लोग नहीं कर सकते हैं। 10 हजार रुपए महीने फीस देना अभी गरीब के लिए मुमकिन नहीं है। अगर मेरी जेब में पैसे होते तो मैं बचा लेता अपने पिता जी को। लेकिन साल 2013 में मैंने तय किया था कि जो मैं अपने परिवार के लिए नहीं कर पाया वो मैं अपने लाखों परिवारों के लिए करूंगा। ये लड़ाई एक दिन मैं खत्म नहीं होती, एक दिन में पूरी नहीं होती। आज आप हजारों की संख्या में यहां हो, आप लोग अपनी ताकत को समझो। आप लोग अगर अपने-अपने क्षेत्र में काम करने लगो तो कितना बड़ा ही पहुंच वाला आ जाए, कितना बड़ा ही धुरंधर आ जाए, आपका सामना नहीं कर पाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक

### छेड़छाड़ की घटना पर 1090 पर सूचना देने की अपील

**मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की भी दी जानकारी**

तमसा संकेत, संवाददाता

गोवर्धन। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत शनिवार को गोवर्धन थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने बताया कि बसों, रास्तों और सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ होने पर डरें नहीं, बल्कि महिला हेल्पलाइन 1090 पर सूचना दें और जरूरत पड़ने पर थाने में शिकायत दर्ज कराएं। महिलाओं को व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सावधानी से इस्तेमाल करने की सलाह दी गई।

इस दौरान मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 व 102, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

साथ ही यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई। पुलिस टीम ने छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में भी बताया। इसके तहत यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए और सीडीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। टीम ने छात्राओं से योजना का लाभ उठाकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की अपील की।

**फास्ट न्यूज**

#### स्कूल बस की टक्कर से देवेंद्र की मौत

लखनऊ। वृंदावन क्षेत्र के सेक्टर-9 स्थित एनकेएम पब्लिक इंटर कॉलेज (NKM Public Inter College) में अपने बच्चे की फीस जमा करने जा रहे देवेंद्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, 14 अक्टूबर 2026 को देवेंद्र उसी स्कूल में अपने बच्चे की फीस जमा करने जा रहे थे, जहां उनके बच्चे पढ़ते हैं। इसी दौरान स्कूल की बस से उनका एक्सीडेंट हो गया। गंभीर रूप से घायल देवेंद्र ने 23 अक्टूबर 2026 को ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया।

#### एडीएचडी आलस या खराब परवरिश नहीं

बाराबंकी। बच्चों का जरूरत से ज्यादा चंचल होना, किसी काम पर ध्यान न लगा पाना या हर छोटी बात भूल जाना कई बार शरारत या लापरवाही समझ लिया जाता है। लेकिन कुछ मामलों में ये लक्षण अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) से जुड़े हो सकते हैं। इस स्थिति के प्रति समाज में फैली गलतफहमियों को दूर करने और समय पर पहचान व उपचार को बढ़ावा देने के लिए अक्टूबर में एडीएचडी जागरूकता माह मनाया जाता है। इस संबंध में शनिवार को हमारे विशेष संवाददाता दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बाराबंकी जिला अस्पताल की मनोचिकित्सक डॉ. आरती यादव से बातचीत की।

#### सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

गाजीपुर। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार शाम उन्हें उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें गाजीपुर से एंबुलेंस से लाकर लखनऊ मेदांता में गैस्ट्रो विभाग में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल ने शनिवार को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया- अफजाल अंसारी को पेट में तेज दर्द के बाद यहां लाया गया।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी मिले दीपावली बोनस

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टीबी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत टीबी कर्मचारियों सहित सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व वेतन, बोनस और इंक्रीमेंट का लाभ देने की मांग की है। करुणा शंकर मिश्र ने कहा कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भी पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में जुटे हैं। कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में भी इन कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना जनसेवा की और प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। इसके बावजूद त्योहार के अवसर पर उन्हें बोनस का लाभ न मिलना उनके मन में निराशा पैदा करता है। उन्होंने

सरकार से मांग की कि जिस प्रकार राज्य कर्मचारियों को नियमानुसार दीपावली बोनस दिया जाता है, मिश्र ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से संवेदनशीलता के साथ इस मांग पर विचार करने की अपील करते हुए कहा कि दीपावली से पहले वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा बोनस और इंक्रीमेंट की राशि देने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इससे हजारों संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी और उनका मनोबल भी बढ़ेगा।

### टाटा मोटर्स, डिक्सन टेक्नोलॉजीज और कॉर्पस डेटा देंगी युवाओं को सेवायोजन का अवसर

# योगी सरकार के 'मिशन रोजगार' को नई रफ्तार

***₹26,484**
तक मिलेगा मासिक वेतन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'मिशन रोजगार' अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में आगामी 31 अक्टूबर 2026 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे से एक वृहद कैंपस प्लेसमेंट व रोजगार भर्ती अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज तथा आईटी एवं डाटा सेवा प्रदाता कंपनी कॉर्पस डेटा इंफॉर्मेशन सर्विसेज द्वारा विभिन्न पदों पर सैकड़ों युवाओं का चयन किया जाएगा।

**संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी एम ए खां ने जानकारी दी है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक व तकनीकी प्रमाण पत्र, अंकतालिकाएं, बायोडाटा (रिज्यूमे), पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक तथा अधिकृत पहचान पत्र की मूल व स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि 31 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर, अलीगंज (लखनऊ) में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।**

इस प्लेसमेंट ड्राइव में 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं स्नातक योग्यताधारी महिला व पुरुष अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

कंपनीवार भर्ती एवं पदों के विस्तृत विवरण के अंतर्गत, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, नोएडा में ऑपरेटर के कुल 100 पद हैं, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई या स्नातक उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं, जिन्हें सेक्टर-151, नोएडा (उत्तर प्रदेश) कार्यस्थल के लिए 24,257 से 26,484 तक मासिक वेतन दिया जाएगा।

टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ प्लांट द्वारा दो अलग-अलग संवर्गों में तकनीकी युवाओं का चयन किया जाएगा, जिसमें प्रथम अप्रेंटिस ट्रेनी के तहत 10वीं एवं आईटीआई या एनटीसी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ 18 से 25 वर्ष की आयु वाले युवाओं को 1 वर्ष के प्रशिक्षण हेतु 13,870 मासिक स्टाइपेंड मिलेगा, जबकि द्वितीय अस्थायी कर्मचारी के रूप में 10वीं उत्तीर्ण तथा आईटीआई या एनटीसी के साथ 1 वर्ष का कार्यानुभव रखने वाले 18 से 32 वर्ष के युवाओं को अधिकतम 6 माह की कार्य अवधि के लिए 15,488 मासिक वेतन दिया जाएगा, साथ ही दोनों संवर्गों के चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क कैंटीन, बस या परिवहन सुविधा, यूनिफॉर्म तथा सुरक्षा जूते प्रदान किए जाएंगे और इसके लिए इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, पेंटर, एमएमवी, डीजल मैकेनिक, कोपा या पासा, सीएनसी मशीनिंग, आरएसी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, और मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल आदि ट्रेड्स पात्र हैं।

कॉर्पस डेटा इंफॉर्मेशन सर्विसेज प्रा. लि., लखनऊ में कंप्यूटर ऑपरेटर या बैकएंड एग्जीक्यूटिव के 20 से अधिक पदों पर किसी भी संकाय में स्नातक, बेसिक कंप्यूटर व टाइपिंग दक्षता, एमएस एक्सेल या एमएस ऑफिस का कार्यानुभव और अच्छे संचार कौशल वाले 20 से 35 वर्ष के महिला एवं पुरुष फ्रेशर व अनुभवी अभ्यर्थियों को महानगर, लखनऊ कार्यस्थल के लिए 13,000 से 18,000 तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

# एमआईईटी में एचआर कॉन्क्लेव 1.0: एआई फ्रेंडली रिज्यूमे और स्किल्स से संवरेगा छात्रों का करियर

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में शनिवार को एचआर कॉन्क्लेव 1.0 का आयोजन किया गया। इसकी थीम कॉलेज की पढ़ाई से नौकरी तक, युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉरपोरेट जगत की जरूरतों, रोजगार के अवसरों और करियर की तैयारी के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में इंस्टा पावर लिमिटेड की हेड ऑफ ह्यूमन रिसोर्स पारुल जौहर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एआई फ्रेंडली रिज्यूमे बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कंपनियां अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से रिज्यूमे शॉर्टलिस्ट करती हैं। ऐसे में छात्रों को अपने रिज्यूमे में सही की-वर्ड्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे चयन की संभावनाएं बढ़ सकें। केलर एशिया बीयू के मानस भट्टाचार्य ने कहा कि सफलता

के लिए केवल प्रतिशत ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि कौशल और ज्ञान की भी अहम भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी स्किल्स विकसित करने पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वैलोरेगा की नेहा सेठी, सिंगर इंडिया लिमिटेड के अनुज कुमार भाटिया, एचआर सलाहकार हनीश दीवान, स्पिनी की मुस्कान जैन, प्रीसिएंट के विजय गिरी और मानस भट्टाचार्य ने अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने रोजगार की बदलती जरूरतों, व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण और शिक्षा व उद्योग के बीच बेहतर तालमेल पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) मोहन प्रसाद ने किया। एमआईईटी के कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और कॉरपोरेट क्षेत्र की अपेक्षाओं के अनुरूप उनके कौशल को विकसित करना है। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप पंत, रोहित अग्रवाल, मोहन प्रसाद और अजय चौधरी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

# 68,500 शिक्षक भर्ती : 25 अक्टूबर तक शेड्यूल जारी नहीं हुआ तो 26 से भूख हड़ताल

### लखनऊ के ईको गार्डन में 54वें दिन भी जारी रहा अभ्यर्थियों का धरना

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती-2018 में आरक्षण विसंगति दूर करने और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग को लेकर पिछड़े एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। लखनऊ के ईको गार्डन में शनिवार को आंदोलन के 54वें दिन अभ्यर्थियों ने सरकार को 25 अक्टूबर 2026 तक भर्ती का शेड्यूल जारी करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय तक भर्ती शेड्यूल या आधिकारिक विभागीय प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, उन्होंने बेसिक शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रियों, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और एनडीए के घटक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों के सामने भी अपनी मांगें रखी हैं। इसके बाद भी नियुक्ति को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा सामने नहीं आई है। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि 25 अक्टूबर तक भर्ती शेड्यूल जारी नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। तूफान सिंह के मुताबिक, यह भूख हड़ताल भर्ती शेड्यूल जारी होने तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति बनने पर इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग की होगी। आंदोलनरत अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सरकार और बेसिक शिक्षा विभाग से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। उनका कहना है कि आरक्षण विसंगति का समाधान कर आयोग के आदेश पर कार्रवाई की जाए और पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें भूख हड़ताल जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर न होना पड़े।

#### एक सितंबर से धरने पर बैठे हैं अभ्यर्थी

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे तूफान सिंह और आशुतोष वर्मा ने कहा कि अभ्यर्थी एक सितंबर 2026 से नियुक्ति की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। इसके बावजूद अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे लगातार अपनी समस्याएं सरकार और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा रहे हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

#### *पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश पर कार्रवाई की मांग*

*तूफान सिंह ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सात जुलाई 2026 के आदेश के अनुसार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए 25 अक्टूबर तक भर्ती शेड्यूल अथवा आधिकारिक विभागीय प्रेस विज्ञप्ति जारी की जानी चाहिए। अभ्यर्थियों का कहना है कि आरक्षण से जुड़ी विसंगतियों का समाधान कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि आंदोलन को 53 दिन बीत जाने के बाद भी भर्ती शेड्यूल को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभ्यर्थी लंबे समय से अपनी मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अब उन्हें ठोस निर्णय की उम्मीद है।*

**सम्मेलन :** भुवनेश्वर में नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव-2026 में शामिल हुए यूपी के नगर विकास मंत्री

# स्मार्ट और नागरिक-केंद्रित शहरों के निर्माण पर ए.के. शर्मा ने दिया जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ/भुवनेश्वर। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव-2026 में सहभागिता की। 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने आधुनिक, स्मार्ट और नागरिक-केंद्रित शहरों के निर्माण के लिए भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नीतियां तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती शहरी परिस्थितियों और नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शहरी विकास की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक है। सम्मेलन का

मुख्य विषय 'अर्बन राइजिंगः रीथिंकिंग अर्बन सिस्टम्स, सॉल्यूशंस एंड डिलीवरी' है।

#### *केवल सड़कों और भवनों का विस्तार नहीं है शहरी विकास*

*ए.के. शर्मा ने कहा कि शहरी विकास का उद्देश्य केवल सड़कों, भवनों और दूसरी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी है। शहरों की विकास योजनाएं ऐसी होनी चाहिए, जो वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम हों। उन्होंने नगर निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने की आवश्यकता बताई। उनके अनुसार, शहरी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए योजनाओं के निर्माण के साथ-साथ उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना जरूरी है।*

#### केंद्रीय मंत्री और अन्य राज्यों के प्रतिनिधि भी हुए शामिल

नेशनल अर्बन कॉन्क्लेव-2026 में केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू, विभिन्न राज्यों के नगर विकास मंत्री और नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए।

#### राज्यों के बीच समन्वय और अनुभवों के आदान-प्रदान पर जोर

मंत्री ने शहरी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, नवाचार और बेहतर प्रबंधन प्रणालियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों, शहरी निकायों तथा विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय से शहरी विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है।

# किसान सम्मेलन में डॉ. राजेश्वर सिंह की बड़ी पहल

### किसानों के बच्चों की शिक्षा से लेकर फसल मुआवजे तक उठाएंगे मुद्दे

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। डिफेंस एक्सपो परिसर में शनिवार को भारतीय किसान क्रांति यूनियन की ओर से आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में प्रदेशभर से 10 हजार से अधिक किसानों ने सहभागिता की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किसानों की समस्याओं के समाधान, किसान परिवारों के बच्चों की शिक्षा, छात्रवृत्ति, सामाजिक सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सम्मेलन में उठाए गए मुद्दों को शासन और संबंधित विभागों के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। डॉ. सिंह ने किसान संगठनों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि किसान

देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। विषम परिस्थितियों में भी अन्न उत्पादन करने वाले किसानों की आर्थिक मजबूती के साथ उनके परिवारों की शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और युवाओं के रोजगार पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसान परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाने का मुद्दा शासन के समक्ष उठाया जाएगा। पात्र मेधावी विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों को साइकिल और लैपटॉप उपलब्ध कराने की पहल भी की जाएगी। इसके साथ ही किसान परिवारों के युवाओं को कंप्यूटर, डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण देने के लिए कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह करेंगे कि प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर दो माह पर किसान संगठनों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हो। इसमें किसानों की समस्याओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निस्तारण की समयसीमा तय की जाए। डॉ. सिंह ने लंबित गन्ना मूल्य भुगतान, फसल क्षति के आकलन और समयबद्ध मुआवजे, छुट्टा पशुओं से फसलों की सुरक्षा तथा गो-आश्रय स्थलों के लिए पर्याप्त बजट का मुद्दा भी उठाने का आश्वासन दिया।

## आगरा में गड़बड़ी का आरोप लगाया था, डीएम ने 3 बूथ पर दोबारा वोटिंग की संस्तुति की

# सपा एमएलसी के रोने के बाद पुनर्मतदान की हुई सिफारिश

**संस्तुति**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में तीन मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने की संस्तुति की गई है। बूथ संख्या 20, 21 और 26 पर पुनर्मतदान कराने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। डीएम मनीष बंसल ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर संस्तुति की है। तीनों बूथों पर पुनर्मतदान कराने की संस्तुति के बाद अब भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित मतदान केंद्रों पर दोबारा

वोट डाले जाएंगे या नहीं। फिलहाल अंतिम फैसला आयोग को लेना है।अब आयोग के फैसले पर सभी की नजरें टिकी हैं। शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक MLC चुनाव के लिए वोटिंग हुई। सपा उम्मीदवार आकाश अग्रवाल ने खेरागढ़ में पीठासीन अधिकारी के खाना खाने के दौरान सभी को बाहर निकालने का आरोप लगाया।

**उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया- आगरा शिक्षक एमएलसी के उम्मीदवार का वीडियो सामने आया, तो हमने उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की। उनकी शिकायतों के बारे में पूछा। उन्होंने लिखित रूप में पांच मतदान केंद्रों के नाम दिए थे। हमने उन सभी की जांच कराई। जांच के दौरान तीन मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने के आधार मिले हैं। रिटर्निंग ऑफिसर ने सैंया, फतेहाबाद और खेरागढ़ के तीन मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने की सिफारिश की है।**

**इन 3 बूथों पर पुनर्मतदान का प्रस्ताव**

- **बूथ संख्या 20:** खेरागढ़ तहसील परिसर के कक्ष संख्या 1 में मतदान केंद्र।
- **बूथ संख्या 21:** सैंया क्षेत्र पंचायत कार्यालय के कक्ष संख्या 1 में मतदान केंद्र।
- **बूथ संख्या 26:** फतेहाबाद क्षेत्र पंचायत कार्यालय के कक्ष संख्या 1 में मतदान केंद्र।

## सपा उम्मीदवार का आरोप, बूथ कैप्चरिंग हुई

सपा उम्मीदवार और मौजूदा एमएलसी आकाश अग्रवाल ने बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया था। मीडिया के सामने शिकायत करते हुए वह फफक कर रो पड़े थे। वोटिंग में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा- मेरे समर्थकों को परेशान किया जा रहा है।

### 'मुझे ऐसा लगता है, जैसे पाकिस्तान से आया आतंकवादी हूं'

आकाश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान उन्हें और उनके साथियों को परेशान किया गया। उनके मुताबिक, 12 जिलों में शिक्षक साथियों और स्कूल प्रबंधकों को परेशान किया गया। उनकी वजह से 100 से ज्यादा स्कूलों में पुलिस पहुंची।

**आकाश अग्रवाल ने कहा- ऐसा लग रहा है कि मैं पाकिस्तान से आया कोई आतंकवादी हूं। मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं ऐसे सनातन में नहीं रहना चाहता हूं। अगले महीने लखनऊ की शाही ईदगाह जाकर इस्लाम कबूल कर लूंगा।**

## गोवर्धन पुलिस ने 246 ग्राम गांजे के साथ युवक को पकड़ा

**राजस्थान के डीग का निवासी है आरोपी, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज**

तमसा संकेत, संवाददाता

गोवर्धन। मथुरा के गोवर्धन थाना पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 246 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राजस्थान के डीग जिले के इकलहरा गांव निवासी अमित (28) पुत्र सुनहरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि डींग रोड से जतीपुरा नए टिर्री मार्ग पर पुलिया के पास एक युवक मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 246 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक,

आरोपी अमित के खिलाफ वर्ष 2025 में भी गोवर्धन थाने में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने मौजूदा मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल प्रीत कुमार, राहुल बाल्यान और विशाल चौहान शामिल रहे। पुलिस मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई कर रही है।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा में 29 अक्टूबर तक बारिश-आंधी के आसार नहीं

आगरा। आगरा में शनिवार सुबह से आसमान साफ है और धूप निकली हुई है। सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस हो रही है। दिन में तेज धूप के कारण गर्मी का असर बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 29 अक्टूबर तक बारिश या आंधी की संभावना नहीं है।
अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

### एक साथ उठी 4 दोस्तों की अर्थियां

आगरा। आगरा से दर्शन के लिए खाटू श्याम गए चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजस्थान के दौसा-मनोहरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह उनकी स्विफ्ट कार का टायर फट गया। टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और गहरी खाई में जा गिरी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही चार दोस्तों ने दम तोड़ दिया, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। शुक्रवार की देर रात जब चारों के शव घर पहुंचे तो मोहल्ले के लोग रोने-बिलखने लगे। घर के बाहर भीड़ जमा थी, जैसे ही शव पहुंचे चीख-पुकार गूंज उठी।

### गोरखपुर में आज 5 घंटे बिजली नहीं आएगी

गोरखपुर। गोरखपुर में शनिवार को रोड चौड़ीकरण और बिजली लाइन शिफ्टिंग के चलते कई इलाकों में बिजली कटौती होगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राप्तीनगर, शाहपुर, पादरी बाजार समेत कई क्षेत्रों में सप्लाई बंद रहेगी। वहीं, 6 लेन रोड चौड़ीकरण के चलते नौसढ़ क्षेत्र में शाम 4 बजे तक बिजली नहीं आएगी। इससे आसपास के सभी क्षेत्र प्रभावित होंगे।

## सोनई में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**फॉर्म-6 भरने की दी जानकारी**

तमसा संकेत, संवाददाता

सोनई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, सोनई में मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला ईएलसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अखिलेश यादव ने विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया, मतदाता के अधिकारों और जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों के माध्यम से नए मतदाता बनने की प्रक्रिया समझाई और फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करना जरूरी है। विद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह राजपूत ने अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मऊ में बोला- मेरी बात मानोगी तो तुम्हारे विरोधियों का हाल मुख्तार जैसा कर दूंगा, सस्पेंड

# दरोगा ने महिला को अकेले मिलने कमरे पर बुलाया

तमसा संकेत, एजेंसी

मऊ। मऊ में फरियादी महिला को फोन कर अकेले में मिलने बुलाने वाले दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया है। महिला से आपत्तिजनक बातचीत का 16 मिनट का ऑडियो सामने आया था। मामला जिला मुख्यालय से करीब 32 किलोमीटर दूर मधुबन थाने की दुबारी पुलिस चौकी का है।

आरोपी दरोगा की पहचान ओमप्रकाश सिंह के रूप में हुई है। महिला सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जुड़ी है। वह गोरखपुर की रहने वाली है और फिलहाल मऊ के मधुबन इलाके में रहती है। 21 अक्टूबर को ऑडियो सामने आने के बाद एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा

ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया था। जांच में ऑडियो की पुष्टि होने के बाद शुक्रवार शाम उसे सस्पेंड कर दिया गया।

पीड़िता और आरोपी दरोगा के बीच बातचीत का एक ऑडियो 21 अक्टूबर को सामने आया था। इसमें आरोपी दरोगा ओम प्रकाश सिंह महिला के मामले में दूसरे पक्ष पर कार्रवाई का जिक्र करते हुए सुनाई दे रहे।

**पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई की। जब वह घर जाने लगी तो दरोगा ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। महिला का आरोप है कि इसके बाद दरोगा लगातार उसको फोन करने लगे।**

## ऑडियो सामने आने के बाद दरोगा लाइन हाजिर, फिर सस्पेंड

ऑडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी ने तत्काल दरोगा ओम प्रकाश सिंह को लाइन हाजिर करके सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी को जांच सौंपी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के बाद दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया। अब आगे की जांच मोहम्मदाबाद गोहना के सीओ जितेंद्र सिंह करेंगे।

### सीओ बोले- जांच में ऑडियो सही पाया गया

एसआई ओमप्रकाश सिंह का ऑडियो वायरल हुआ था। प्रारंभिक जांच में ऑडियो में अमर्यादित व आपत्तिजनक बातचीत की पुष्टि हुई। उनको सस्पेंड कर दिया गया है। ऑडियो में महिला से आरोपी दरोगा वीडियो कॉल करने को कहता है। इसके अलावा वह महिला से मिलने की बात कहते हुए बोलता है कि एक आदमी उसे लेने आएगा और वह उसके साथ आ जाए। वह उसके कमरे में फिर आ जाएगी। बातचीत के दौरान वह लगातार आपत्तिजनक बातें करता है। मधुबन में रहने वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जुड़ी एक महिला कुछ दिनों पहले दुबारी पुलिस चौकी पहुंची थी। इस चौकी पर सब-इंस्पेक्टर ओम प्रकाश सिंह की तैनाती थी। दरअसल, महिला का गांव के ही कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

## डकैती की योजना बना रहे थे, पुलिस को देखते ही फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शहर की एक पॉश सोसाइटी में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की और घिरने पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने वहां से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद

पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से सभी छह आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कृष्णा नगर की पूजा एंक्लेव कॉलोनी निवासी नीरज और हंसराज कॉलोनी निवासी सौरभ के पैर में गोली लगी। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की निगरानी में उनका उपचार कराया जा रहा है। घायल आरोपियों के अलावा पुलिस ने सचिन, अजीत, गोपाल और अनुराग को भी गिरफ्तार किया है। इस तरह कार्रवाई के दौरान कुल छह आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर कथित डकैती की योजना और उनके अन्य संभावित साथियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से हथियार और कुछ औजार बरामद किए गए हैं। इनमें तीन तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 303 बोर और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा नुकीला सरिया, पाइप और एंगल भी बरामद किए गए हैं।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे के पास गुरु कृपा संगम सोसाइटी के सामने जाने वाले रास्ते पर कुछ संदिग्ध बदमाश मौजूद हैं। बताया गया कि सभी किसी पॉश सोसाइटी में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना हाईवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और संदिग्धों की घेराबंदी शुरू कर दी।

**पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी किस सोसाइटी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे और क्या वे पहले भी किसी आपराधिक वारदात में शामिल रहे हैं। पूछताछ और जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

## जल निगम ग्रामीण दुरुस्त करा रहा सड़कें, आप भी दें सूचना

- **पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की हो रही मरम्मत।**
- **उत्तर प्रदेश जलनिगम ग्रामीण का 01 अक्टूबर से 10 नवंबर तक सड़क पुनर्स्थापना अभियान जारी।**
- **जलसारथी ऐप और टोल फ्री नंबर पर दें सूचना, तुरंत होगी कार्रवाई।**

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को दुरुस्त कराने के लिए जल निगम ग्रामीण की ओर से जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेशव्यापी यह अभियान 1 अक्टूबर से 10 नवंबर तक संचालित किया जा रहा है। अगर आपके गांव में भी पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत अभी तक नहीं हुई है, तो इसकी सूचना विभाग को दें। जल निगम ग्रामीण ने स्पष्ट किया है कि शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश देकर सड़क दुरुस्त कराई जाएगी। जनपद में पाइपलाइन बिछाने के लिए कुल 742 किलोमीटर सड़क खोदी गई थी, जिसमें से अब तक 691 किलोमीटर सड़क दुरुस्त कराई जा चुकी है। शेष सड़कों की मरम्मत के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। जल निगम ग्रामीण की ओर से संबंधित अधिकारियों को अभियान के तहत सड़कों को जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्या विकास अधिकारी /अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा सड़कों के पुर्नस्थालपन सम्ब धी कार्यों का अनुश्रवण नियमित रूप से किया जा रहा है। यदि आपके गांव में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, तो इसकी सूचना जल निगम ग्रामीण को दें। विभाग की ओर से शिकायत पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-121-2164 पर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा जल समाधान ऐप और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जलसारथी ऐप पर विशेष व्यवस्था रोड रेस्टोरेशन अभियान के तहत जनसामान्य की सुविधा के लिए जलसारथी ऐप पर विशेष व्यवस्था की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क टूटी होने या उसकी मरम्मत नहीं होने की स्थिति में नागरिक मौके की फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

पृष्ठ 01 का शेष...

### 'रामलीला मैदान...

कि वर्ष 2025 में दिल्ली के प्रमुख बाजारों में दिवाली के दौरान त्योहारी बिक्री करीब 75 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। कारोबारियों का तर्क है कि ऐसे बड़े कारोबारी सीजन में बाजारों के आसपास किसी बड़े आयोजन से व्यापार पर असर पड़ सकता है। हालांकि, 10 हजार करोड़ रुपये के संभावित नुकसान का आंकड़ा CTI की आशंका है। इसे वास्तविक या निश्चित नुकसान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। INDIA ब्लॉक की प्रस्तावित रैली विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में आयोजित की जा रही है। विपक्षी दल इस मुद्दे पर चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठा रहे हैं और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर, CTI ने राजनीतिक विरोध के अधिकार पर टिप्पणी करने के बजाय रैली की तारीख को लेकर व्यापारिक चिंता सामने रखी है। संगठन चाहता है कि आयोजन दिवाली के प्रमुख कारोबारी समय के बाद किया जाए, ताकि बाजारों में खरीदारी और कारोबार प्रभावित न हो।

### क्रूज पर हेलिकॉप्टर...

इंडियन एयरफोर्स के 94वें स्थापना वर्ष पर एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। वाराणसी में एयर शो खत्म होने के बाद फाइटर प्लेन, सूर्य किरण विमान और अन्य विमान एयरपोर्ट पहुंचे। सभी विमानों की वापसी के बाद रनवे पर चहल-पहल दिखाई दी। अधिकारियों के मुताबिक, कुछ विमानों को बमरौली स्थित प्रयागराज एयरबेस और अंधऊ हवाई पट्टी सहित भारतीय वायुसेना के अन्य एयरबेस पर भेजा गया। एयर शो में शामिल विमानों को उनके निर्धारित ठिकानों पर रवाना किया गया। वाराणसी में आयोजित एयर शो का समापन सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के विमानों की शानदार कलाबाजी के साथ हुआ। आसमान में विमानों के करतब देखकर घाटों पर मौजूद दर्शक रोमांचित हो उठे। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर-राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ऊपर भी एयर शो का नजारा देखने को मिला। आसमान में फाइटर प्लेन चक्कर लगाते नजर आए। इसे देखकर एयरपोर्ट के आसपास मौजूद लोगों का ध्यान भी आसमान की ओर गया। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के ऊपर भी एयर शो का नजारा देखने को मिला। आसमान में फाइटर प्लेन चक्कर लगाते नजर आए। इसे देखकर एयरपोर्ट के आसपास मौजूद लोगों का ध्यान भी आसमान की ओर गया। वाराणसी में एयर शो के दौरान वायुसेना के जवानों ने स्पाइकिंग तकनीक का प्रदर्शन किया। जवान हेलिकॉप्टर से रस्सी के सहारे गंगा में खड़े क्रूज पर उतरे और अपना करतब दिखाया। इस तकनीक का इस्तेमाल उन स्थितियों में किया जाता है, जब हेलिकॉप्टर को जमीन पर उतारना संभव नहीं होता। ऐसे में जवान रस्सी के सहारे नीचे उतरकर अपने ऑपरेशन को अंजाम देते हैं। वाराणसी में एयर शो के दौरान सुखोई लड़ाकू विमान ने गंगा के ऊपर शानदार करतब दिखाए। विमान ने आसमान में सफेद धुएं से पेड़ की आकृति बनाई। इस नजारे को देखकर घाटों पर मौजूद लोगों में काफी उत्साह नजर आया। काशी के एक स्थानीय निवासी ने बताया कि वह पिछले तीन-चार दिनों से एयर शो को लेकर काफी उत्साहित थे। अब शो देखकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने भारतीय वायुसेना का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बनारस में इतना शानदार एयर शो दिखाया जा रहा है, यह उनके लिए खुशी की बात है। शिवपुर से नमो घाट पर एयर शो देखने पहुंचे आश्वत रघुवंशी ने कहा कि फाइटर जेट को इतने करीब से देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। उसने बताया कि वाराणसी के नमो घाट पर पहली बार ऐसा एयर शो हो रहा है और वह भी पहली बार इसे देख रहा है। जब उससे पूछा गया कि क्या वह आगे चलकर एयरफोर्स में जाना चाहता है, तो उसने कहा- हां, मन तो है, लेकिन उसके लिए बहुत ज्यादा पढ़ाई करनी पड़ती है।" रिपोर्टर ने पूछा कि फिर पढ़ाई नहीं करोगे? इस पर आश्वत ने मुस्कुराते हुए कहा, "करूंगा, लेकिन इतनी बहुत ज्यादा पढ़ाई नहीं करना चाहता मैं।

### फारूक के बिगड़े बोल...

और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान समय-समय पर जाग जाता है। जब उनके अंदर का पाकिस्तान सामने आता है, तो वे इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। ऐसे बेतुके बयान देने से पहले फारूक अब्दुल्ला को सोचना चाहिए।" विश्व हिंदू परिषद (VHP) के नेता विनोद बंसल ने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। ये भारत में रहते हैं और पाकिस्तान की तारीफ करते हैं। क्या पाकिस्तान की वजह से कश्मीर सुरक्षित है या भारत की ताकत के दम पर पाकिस्तान को दिखाने से कश्मीर सुरक्षित है? अगर उनका यह बयान है, तो इससे बड़ा देशद्रोह कोई नहीं है।

### मैं होता तो माफिया को...

एक सीरियल आता था- सीआईडी। लोग सोचते थे कि एक मर्डर होता है और कैसे एक डॉक्टर अज्ञात अपराधी को एक बाल या अंगुली के निशान के सहारे पकड़ने में सहायता करता था। उस समय यह सपना था, लेकिन आज फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट उसको साकार कर रहा। 'CID' सीरियल क्राइम इन्वेस्टिगेशन पर आधारित सबसे लंबे समय तक चलने वाला सीरियल था। इसके मुख्य कैरेक्टर एसीपी प्रदुम्न, उनके सहयोगी दया सहित अन्य कास्ट आम भारतीयों के बीच काफी चर्चित रहे हैं। दरअसल, सीएम योगी शनिवार को लखनऊ के यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (UPSIFS) में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संवाद-2026 के टेकसंगम सम्मेलन के दूसरे दिन उद्घाटन सत्र में पहुंचे थे। इस दौरान LEXQ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की। साथ ही 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन कंस्ट्रक्शन' पुस्तक का विमोचन किया। सीएम योगी ने कहा कि फॉरेंसिक वैन आने के बाद डीजीपी ने 700 फॉरेंसिक एक्सपर्ट की जरूरत बताई। इस पर उन्होंने पूछा कि डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट धारक किस तरह के विशेषज्ञ चाहिए। योगी ने सुझाव दिया कि लैब में विशेषज्ञ नियुक्त हों और सैंपल कलेक्शन के लिए तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ में फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट होने के बावजूद उसका इस्तेमाल नहीं करना 'दिया तले अंधेरा' जैसी स्थिति थी। अब तक यहां 1,000 पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए। इनमें सात साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सैंपल कलेक्शन के लिए फॉरेंसिक वैन की जरूरत बताई थी। केंद्र सरकार ने इसमें सहयोग किया और राज्य सरकार ने भी संसाधन लगाए। सीएम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में 150 से ज्यादा फॉरेंसिक वैन उपलब्ध हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी के एक माफिया ने 1980 में पहला अपराध किया था। 2017-18 में सरकार ने शिकंजा कसा तो उसे पंजाब ट्रांसफर कर दिया गया। उसे वापस लाने के लिए सरकार को सुप्रीम कोर्ट में तीन साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। वापस लाने और साक्ष्य पेश करने के बाद भी उसकी सुरक्षा की गारंटी मांगी जा रही थी। योगी ने कहा कि जब सरकार उसे पंजाब से लाने के लिए लड़ रही थी, तो क्या यह आम आदमी में विश्वास पैदा करने का प्रयास नहीं है? सभी तथ्य और प्रमाण होने पर मेरिट के आधार पर फैसला होना चाहिए। आखिरकार 42 साल बाद उसे सजा हुई। सीएम योगी ने कहा कि हर विचार के पीछे कोई न कोई वास्तविकता होती है। भारतीय ऋषि परंपरा में शब्द को ब्रह्म माना गया है। पहले विचार आता है, फिर उसे धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू होती है।

## स्पेन की राजकुमारी ने अवॉर्ड दिया, पिछले महीने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया

# लियोनेल मेसी को स्पेन का सबसे बड़ा खेल सम्मान

**अवॉर्ड**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को स्पेन का सबसे प्रतिष्ठित खेल सम्मान प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवॉर्ड दिया गया।

मेसी को स्पेन की राजकुमारी लियोनोर ने यह अवॉर्ड दिया। लियोनोर स्पेन के सिंहासन की उत्तराधिकारी हैं और उन्हीं के नाम पर ये पुरस्कार दिए जाते हैं।

अर्जेंटीना के 39 साल के फॉरवर्ड को जून में इस पुरस्कार का विजेता चुना गया था। जूरी ने उन्हें शानदार करियर और वंचित बच्चों के स्वास्थ्य-शिक्षा में मदद के लिए दिया गया।

**खेल पुरस्कार जीतने वालों में टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स और राफेल नडाल शामिल हैं। मैराथन रिकॉर्डधारी एलियुड किपचोगे और अमेरिकी स्की खिलाड़ी लिंडसे वॉन भी इसके पिछले विजेता रहे हैं।**

ब्रिटिश लेखक जूलियन बार्न्स, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच और पंक स्टार पैटी स्मिथ समेत अन्य विजेताओं को भी पुरस्कार मिला। मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने आठ बॉलोन डी'ओर खिताब, एक विश्व कप और क्लब स्तर पर दर्जनों ट्रॉफियां जीती हैं।

मेसी अर्जेंटीना के सबसे ज्यादा गोल करने वाले, सबसे ज्यादा असिस्ट देने वाले और सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर को विराम दिया। उन्होंने न्यू जर्सी में स्पेन के खिलाफ विश्व कप फाइनल हारने के बाद यह फैसला लिया। उन्होंने 31 अगस्त को एक सोशल पोस्ट के जरिए इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान किया।

### फैंस अर्जेंटीना की जर्सी पहनकर समारोह में पहुंचे

दर्जनों प्रशंसक अर्जेंटीना की फुटबॉल जर्सी पहनकर समारोह में पहुंचे। मेसी के आने पर उन्होंने उनका नाम लेकर नारे लगाए। समारोह में बैगपाइप और ड्रम बजाए गए। मेसी को पुरस्कार के साथ पार्चमेंट पर लिखा औपचारिक प्रमाणपत्र दिया गया। लियोनोर ने उनके अनूठे करियर की तारीफ की।

उन्होंने कहा, 'मेसी ने खेल को समझकर और एक सेकंड के छोटे हिस्से में सबसे असरदार विकल्प चुनकर असाधारण को सामान्य बना दिया। उन्होंने अपने अहंकार से ऊपर टीम भावना को रखा।'

प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवॉर्ड्स की शुरुआत 1981 में हुई थी। इन्हें स्पेनिश भाषी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में माना जाता है।

इसमें 50 हजार यूरो यानी 56 हजार डॉलर की राशि दी जाती है। पुरस्कार कला, विज्ञान और खेल समेत कई क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

## पाकिस्तान में 7 सितंबर से शुरू होगा महिला टी-20 वर्ल्डकप

### भारत के मैच यूएई में कराने की तैयारी

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में 7 सितंबर से 1 अक्टूबर 2028 तक महिला टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा। 12 टीमों के इस टूर्नामेंट की मेजबानी पहली बार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को मिली है।

पाकिस्तान चाहता है कि भारत के मुकाबलों को छोड़कर टूर्नामेंट के बाकी मैच उसके यहां हों। भारत के मैच UAE में कराए जा सकते हैं। इसकी वजह भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा राजनीतिक तनाव और ICC का हाइब्रिड मॉडल है।

भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण दोनों देशों की टीमें 2012 के बाद से एक-दूसरे के यहां द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलतीं। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ICC ने 19 दिसंबर 2024 को हाइब्रिड मॉडल की पुष्टि की थी। इसके तहत, जब भारत या पाकिस्तान ICC टूर्नामेंट की मेजबानी करता है, तो दूसरे देश के मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर कराए जाते हैं। इस व्यवस्था का पहला बड़ा उदाहरण 2025 चैंपियंस ट्रॉफी रही। पाकिस्तान मेजबान था, लेकिन भारतीय टीम ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। भारत ने फाइनल भी दुबई में ही जीता। UAE भारत के मैचों के लिए संभावित विकल्प है। पाकिस्तान से दुबई की कम दूरी के कारण खिलाड़ियों की यात्रा, होटल और परिवहन के इंतजाम आसान हो सकते हैं।

## राहुल-सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, साइमन कीन ने 5 विकेट लिए

# इंडिया-ए की पहली पारी 113 रन पर सिमटी

लिंकन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

इंडिया ए की टीम लिंकन में चल रहे पहले अनऑफिशियल टेस्ट की पहली पारी में 113 रन पर सिमट गई। शनिवार को न्यूजीलैंड-ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारत के 5 बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इनमें केएल राहुल, साई सुदर्शन, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप और मुकेश चौधरी के नाम शामिल हैं। पहले दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने 3 विकेट पर 135 रन बना लिए हैं।

लगातार विकेट गिरने के बीच यश राठौड़ ने 44 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 छक्के और 3 चौके लगाए। दूसरे छोर से उन्हें ज्यादा साथ नहीं मिला।

न्यूजीलैंड-A की ओर से साइमन कीन सबसे सफल गेंदबाज रहे।

उन्होंने इंडिया-A की पहली पारी में 5 विकेट लिए। इस मुकाबले में भारत A की प्लेइंग-11 में सीनियर टेस्ट टीम के वाशिंगटन सुंदर, अंशुल कंबोज और आकाश दीप भी शामिल हैं। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल भी टीम का हिस्सा हैं। न्यूजीलैंड-ए के कप्तान राइस मारियू ने पहली पारी में 137 गेंदों पर 76 रन बनाए। उन्होंने 12 चौके लगाए। मुकेश चौधरी ने उन्हें LBW आउट किया। कर्टिस हेफी 108 गेंदों पर 37 रन बनाकर नाबाद हैं।

**इंडिया-ए की शुरुआत खराब रही। यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे केएल राहुल 8 गेंद खेलने के बाद बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल ने पारी संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच 30 रन की साझेदारी हुई।**

**जायसवाल 17 रन बनाकर आउट हो गए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए साई सुदर्शन भी खाता नहीं खोल सके। साइमन कीन ने उन्हें बोल्ड किया। कप्तान ध्रुव जुरेल भी 1 रन बनाकर कीन का शिकार बने।**

## जयवर्धने की जगह लेंगे, पिछले 16 साल से फ्रेंचाइजी से जुड़े, उन्होंने टीम की ओर से 5 आईपीएल टाइटल जीते हैं

# किरोन पोलार्ड मुंबई इंडियंस के हेड कोच बने

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर किरोन पोलार्ड IPL 2027 के लिए मुंबई इंडियंस के हेड कोच बनाए गए हैं।

फ्रेंचाइजी ने शनिवार, 24 अक्टूबर को इसकी घोषणा की। 39 साल के पोलार्ड पिछले 16 साल से मुंबई की टीम से जुड़े हुए हैं। वे 2009-2010 में टीम से जुड़े थे और 2022 तक सिर्फ मुंबई इंडियंस के लिए खेलते रहे। उन्होंने टीम की ओर से 5 IPL टाइटल जीते हैं। 52 साल के जोन्स राजस्थान रॉयल्स के साथ भी काम कर चुके हैं। वे 2019 में टीम के फास्ट बॉलिंग कोच थे। IPL 2022 से पहले उन्हें राजस्थान ने हाई-परफॉर्मेंस फास्ट बॉलिंग कोच की जिम्मेदारी सौंपी थी। जोन्स हाल ही में भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने रेड्डी की गेंदबाजी की रफ्तार बढ़ाने में मदद की। पहले रेड्डी 120 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे, लेकिन अब उनकी रफ्तार लगातार 130 किमी/घंटा से ज्यादा रहती है।

मुंबई को पिछले 6 साल से टाइटल का इंतजार है। टीम ने पिछला खिताब 2020 में जीता था। 2026 के सीजन में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम 6वें स्थान पर रही थी।

- पोलार्ड श्रीलंका के महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। महेला जयवर्धने ने 17 अक्टूबर को हेड कोच का पद छोड़ दिया था।
- मुंबई इंडियंस ने कहा कि पोलार्ड की नियुक्ति टीम की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए है। वे टीम के बैटिंग कोच भी रह चुके हैं।
- पोलार्ड ने 2022 में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेला था। उन्होंने मुंबई के लिए 189 आईपीएल मैचों में पोलार्ड ने 3,412 रन बनाए।
- पोलार्ड का स्ट्राइक रेट 147.32 और औसत 28.67 रहा। उन्होंने 16 अर्धशतक लगाए। पोलार्ड ने 69 विकेट भी लिए।

### मुंबई इंडियंस ने स्टेफन जोन्स को बॉलिंग कंसल्टेंट बनाया

मुंबई इंडियंस ने IPL 2027 के लिए स्टेफन जोन्स को बॉलिंग कंसल्टेंट नियुक्त किया है। वे टीम के डेवलपमेंट स्क्वॉड के साथ काम करेंगे। उनके साथ जुबिन भरूचा भी होंगे, जिन्हें फ्रेंचाइजी ने डायरेक्टर ऑफ परफॉर्मेंस बनाया है। दोनों की जिम्मेदारी घरेलू सीजन के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की गेंदबाजी में सुधार करना होगी।




## मनोरंजन

## 'जुबली' से मिली पहचान, दो बड़े प्रोजेक्ट बंद हुए और एक्टिंग छोड़ने का मन बनाया

# वामिका गब्बी से कहा गया 'तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा'

नई दिल्ली। एक वक्त वामिका गब्बी को लगता था कि शायद वे एक्टिंग के लिए नहीं बनी हैं। लगातार रिजेक्शन मिल रहे थे और अच्छे रोल नहीं मिल रहे थे। मुंबई में करीब 6-7 साल बिताने के बाद भी करियर उस मुकाम पर नहीं पहुंचा था, जिसका उन्होंने सपना देखा था।

एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनसे कहा गया कि अपने हुनर पर काम करो, क्योंकि तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा। इसी बीच नेटफ्लिक्स की दो सीरीज- 'बाहुबलीः बिफोर द बिगिनिंग' और 'मिडनाइट्स चिल्ड्रन' से जुड़ने का मौका मिला, लेकिन दोनों प्रोजेक्ट पर्दे तक नहीं पहुंच पाए। हालांकि, एक अधूरी सीरीज ने उनके करियर की दिशा बदल दी।

विशाल भारद्वाज की वर्कशॉप ने उन्हें एक्टिंग का नया नजरिया दिया, जबकि विक्रमादित्य मोटवानी की 'जुबली' से उन्हें हिंदी दर्शकों के बीच पहचान मिली। आज वामिका बड़े सितारों के साथ फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नजर आ रही हैं। वामिका गब्बी का जन्म 29 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ। उनके पिता गोवर्धन गब्बी पंजाबी लेखक हैं। साहित्य और कला के माहौल में पली-बढ़ीं वामिका को बचपन से अभिनय में दिलचस्पी थी। उनके पिता मजाक में उन्हें ड्रामेबाज कहते थे। 2007 में रिलीज इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' वामिका के करियर की शुरुआती फिल्मों में शामिल थी। फिल्म में शाहिद कपूर और करीना कपूर लीड रोल में थे। वामिका ने करीना के किरदार गीत की कजिन का छोटा-सा रोल निभाया था। सिनेमा एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में वामिका ने बताया था कि 'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान वे आठवीं क्लास में थीं। फिल्म के निर्देशक इम्तियाज अली आज भी उन्हें 'छोटी वाली' कहकर बुलाते हैं। उन्होंने बताया कि इम्तियाज ने 'जुबली' देखकर उनके अभिनय की तारीफ की, तो यह उनके लिए बेहद खास पल था। पहली फिल्म में छोटा रोल मिलने के बाद वामिका ने अभिनय जारी रखा। वे 'लव आज कल' (2009), 'मौसम' (2011) और 'बिट्टू बॉस' (2012) में नजर आईं। हालांकि, इन फिल्मों से उन्हें करियर को नई ऊंचाई देने वाली पहचान नहीं मिली।

'खुफिया' में चारु से लेकर 'चार्ली चोपड़ा' में जासूस तक, वामिका गब्बी ने हर किरदार में दिखाई अपनी अभिनय की रेंज।

वामिका अपने अभिनय से संतुष्ट नहीं थीं और उन्हें लगने लगा था कि शायद कुछ और करना चाहिए।

कम उम्र में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले किसी भी कलाकार के लिए भविष्य को लेकर ऐसी टिप्पणी सुनना आसान नहीं होता। वामिका की कहानी ऐसे बयानों तक सीमित नहीं है। करियर में कई बार उन्हें अपने काम पर दोबारा विचार करना पड़ा। कभी सही रोल नहीं मिले, तो कभी अच्छे प्रोजेक्ट्स बनने से पहले ही बंद हो गए।

'जुबली' में नीलोफर बनकर छाईं वामिका गब्बी, इसी सीरीज से मिली हिंदी दर्शकों के बीच खास पहचान। दिलचस्प बात ये है कि जिस किरदार ने उन्हें पहचान दिलाई, उसके लिए वामिका को शुरुआत में रिजेक्शन झेलना पड़ा था।

### 'तुम्हें कोई हीरोइन नहीं लेगा', कम उम्र में सुननी पड़ी यह बात

वामिका के शुरुआती करियर का एक किस्सा उनके संघर्ष को दिखाता है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि शुरुआती फिल्मों में से एक की शूटिंग के दौरान उनकी उम्र करीब 16-17 साल थी। पूरी टीम डिनर के लिए बैठी थी। तभी एक शख्स उनके पास आया और कहा- अपने क्राफ्ट पर काम करो, अच्छी एक्टर बनना, क्योंकि तुम्हें कोई हीरोइन तो लेगा नहीं।

# टाइगर पर हमले से पहले शूटर्स ने की प्रैक्टिस

### आरे जंगल में 3-4 दिन निशाना लगाना सीखा

नई दिल्ली। टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में तीनों संदिग्ध शूटर 31 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में हैं। क्राइम ब्रांच को जांच में पता चला है कि उन्होंने वारदात से पहले आरे के जंगल में शूटिंग प्रैक्टिस की थी। पुलिस के मुताबिक, ऋतिक, रेहान अंसारी और फूल सिंह ने 3 से 4 दिन तक रोजाना दो से ढाई घंटे अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने रविवार शाम टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग की।

इस मामले में तीनों संदिग्ध शूटर्स समेत अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मुंबई की आरे कॉलोनी के घने जंगल में फायरिंग की प्रैक्टिस की थी। रेहान को छोड़कर फूल सिंह और ऋतिक को पिस्टल चलाने का अनुभव नहीं था। पुलिस आरे कॉलोनी के जंगल में जाने वाले छह रास्तों के CCTV फुटेज खंगाल रही है।

प्रैक्टिस के दौरान पहले तीनों एयरगन से फायरिंग करते थे। बाद में एक ने असली पिस्टल से दो राउंड और दूसरे ने एक राउंड फायर किया। फायरिंग में इस्तेमाल किया जाने वाला असली हथियार उन्हें 17 अक्टूबर को होटल में मिला था। उसी शाम तीनों आरे कॉलोनी के जंगल में सुनसान जगह पहुंचे और फायरिंग का अभ्यास किया।

जांच में सामने आया है कि हथियार 'डेड लेटर बॉक्स' तरीके से अमृतसर से लाए गए थे। गिरफ्तार आरोपी राधा और बबीता के जरिए इन्हें ट्रेन से मुंबई पहुंचाया गया। यह काम लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित के कहने पर जतिन ने किया था। जतिन, समीर और अंकित के साथ अमृतसर भी गया था।

## स्मिता जयकर बोलीं- रिया चक्रवर्ती ने मैसेज किया था, 'वह फिर कमजोर पड़ रहे हैं'

# सुशांत सिंह राजपूत का डिप्रेशन का इलाज चल रहा था : स्मिता जयकर

नई दिल्ली। एक्ट्रेस स्मिता जयकर ने हाल ही में बताया कि सुशांत सिंह राजपूत का मुंबई के हिंदुजा हॉस्पिटल में डिप्रेशन का इलाज चल रहा था। वह उनसे मिलने अस्पताल गई थीं।

स्मिता के मुताबिक, रिया चक्रवर्ती ने उनसे आध्यात्मिक उपचार के लिए संपर्क किया था।

दरअसल, स्मिता ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में कहा, "सुशांत जब हिंदुजा अस्पताल में भर्ती थे, तब मैं उन्हें हीलिंग देने भी गई थी। उनका डिप्रेशन का इलाज चल रहा था।"

उन्होंने बताया, "रिया ने मुझे फोन किया था। मैंने उसके साथ 'सोनाली केबल' में काम किया था। हमने पहले इन चीजों पर बात की थी। मैंने रिया से कहा था कि मैं सुशांत से मिलने आऊंगी।"

स्मिता ने यह भी बताया कि मुलाकात के दौरान उन्होंने सुशांत को गले लगाया था। उन्होंने कहा, "मैंने उन्हें कसकर गले लगाया था। एक्टर के तौर पर मैं उन्हें हमेशा पसंद करती थी।" स्मिता ने कहा कि सुशांत की मौत की खबर सुनकर उन्हें लगा कि वह उनकी मदद कर सकती थीं। उन्होंने कहा, "जब मुझे उनकी मौत के बारे में पता चला, तो मैंने सोचा- वह मेरे पास क्यों नहीं आए? उन्होंने दोबारा मुझसे संपर्क क्यों नहीं किया? मैं उनकी मदद कर सकती थी।" इंटरव्यू में स्मिता ने सुशांत की मौत के बाद रिया चक्रवर्ती पर हुई जांच और आलोचना का भी जिक्र किया।

सास 2014 में आई फिल्म 'सोनाली केबल' में स्मिता जयकर ने मीना ताई पवार का किरदार निभाया था।

### आश्रम आने की योजना नहीं हो सकी

स्मिता ने बताया कि वह सुशांत को अपने आश्रम ले जाने की योजना बना रही थीं। सुशांत भी वहां एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार थे। उन्होंने कहा, "उस समय वह शायद दवाइयां ले रहे थे। उन्होंने मुझसे बहुत अच्छे से बात की और खुश नजर आए।" स्मिता ने आगे कहा, "मैं उन्हें आश्रम लाने वाली थी। वह भी वहां की एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार थे।" उन्होंने बताया, "उस रात रिया ने मुझे मैसेज किया- 'स्मिता, वह फिर कमजोर पड़ रहे हैं।'

## अगस्त में मक्का रक्षा समझौता साइन किया था, पाकिस्तान-अमेरिका ने भी दूरी बनाई

# तुर्किये हूती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी की नहीं करेगा मदद

**निर्णय**

अंकारा/रियाद, एजेंसी

तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलर ने कहा है कि उनका देश हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में शामिल नहीं होगा। गुलर ने एक इंटरव्यू में कहा कि तुर्किये का मकसद सऊदी अरब की सुरक्षा मजबूत करना और दुश्मनों को हमला करने से रोकना होगा।

यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब अगस्त में ही तुर्किये, सऊदी अरब और पाकिस्तान ने मक्का रक्षा समझौते पर साइन किया था। इसके तहत एक पर हमला तीनों पर माना जाएगा। इससे पहले पाकिस्तान और

अमेरिका भी सऊदी को मदद देने से इनकार कर चुके हैं। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने कहा था कि उसकी सेना किसी दूसरे देश की जमीन पर युद्ध में शामिल नहीं होगी।

वहीं रॉयटर्स के मुताबिक सऊदी अरब ने सीधे अमेरिकी सैन्य हमले की मांग की थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इससे इनकार कर दिया।

इस महीने इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के बड़े एयरपोर्ट और दूसरी अहम जगहों पर मिसाइलों और अन्य हथियारों से हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और 370 घायल हुए हैं।

6 अक्टूबरः जजान और नजरान के एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया। साथ ही दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को सऊदी एयर डिफेंस ने रोकने का दावा किया।

7 अक्टूबरः रियाद और अभा एयरपोर्ट पर हमले हुए। सऊदी अधिकारियों के मुताबिक तीन विदेशी नागरिकों की मौत हुई और 36 लोग घायल हुए।

8 अक्टूबरः रियाद एयरपोर्ट पर एक और हमला हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, तीन सऊदी नागरिकों की मौत हुई। सरकारी एयर-लाइन सऊदिया का एक विमान भी क्षतिग्रस्त हुआ।

10 अक्टूबरः रियाद एयरपोर्ट पर मिसाइल हमले में 1 भारतीय नागरिक समेत 13 लोगों की मौत हुई और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए। इसके बाद एयरपोर्ट पर उड़ानें रोकनी पड़ीं।

रियाद एयरपोर्ट पर 10 अक्टूबर को हुए हमले का वीडियो। इस हमले में 13 लोगों की मौत हुई थी जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

रियाद एयरपोर्ट पर 10 अक्टूबर को हुए हमले का वीडियो।

### 2015 से जारी है सऊदी और हूतियों की लड़ाई

यमन में हूतियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद 2015 में सऊदी अरब ने कई देशों के साथ मिलकर उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया।

सऊदी अरब चाहता था कि यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार दोबारा सत्ता में आए और हूतियों का कब्जा खत्म हो।

इसके बाद कई साल तक यमन में हवाई हमले होते रहे। लेकिन हूतियों को पूरी तरह पीछे धकेलने में सऊदी गठबंधन कामयाब नहीं हो पाया।

हूती अब भी यमन के बड़े हिस्से में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। उनकी लड़ाई का असर अब सऊदी अरब की सुरक्षा पर भी पड़ रहा है।

### गुलर बोले- सऊदी की मांग पर मदद का फैसला करेंगे

गुलर ने कहा कि सऊदी अरब की मांग पर तुर्किये सैन्य मदद देने पर विचार करेगा। इससे तय होगा कि सऊदी को किस तरह की और कितनी मदद दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि मदद के दायरे पर फैसला लेने से पहले तुर्किये की संसद से समझौते को मंजूरी मिलनी जरूरी है। इसके बाद कानूनी प्रक्रियाओं और संसद की अनुमति के मुताबिक आगे का फैसला लिया जाएगा।

दरअसल, मक्का रक्षा समझौते को अब तक तुर्किये की संसद में मंजूरी नहीं मिली है। इसे 21 अक्टूबर को संसद में पेश किया गया है और फैसला अभी बाकी है।

तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलर। (फाइल फोटो)

### रिपोर्ट- ट्रम्प सरकार ने हूती विद्रोहियों से सीक्रेट डील की

एक्सिओस की पिछले महीने की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के साथ सीक्रेट डील की है। इस डील के तहत हूतियों ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे लाल सागर में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना नहीं बनाएंगे।

यह डील पिछले महीने ओमान की राजधानी मस्कट के अमेरिकी दूतावास में हुई थी। इसमें हूती प्रतिनिधियों ने भरोसा दिया था कि वे सऊदी अरब के अलावा दूसरे जहाजों को बाब अल-मंदेब से गुजरने देंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी कहा था कि अमेरिका हूतियों के साथ सीधे बातचीत कर रहा है। हालांकि, किसी औपचारिक गुप्त समझौते की सार्वजनिक पुष्टि नहीं हुई थी।

**फास्ट न्यूज**

### अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने फिशआई लेंस से कैमरे में कैद किया ऑरोरा

वाशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने अंतरिक्ष से पृथ्वी पर दिखने वाली 'ऑरोरा' की बेहद अनोखी और दुर्लभ तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर को एक खास फिशआई लेंस के जरिए खींचा गया है, जिससे हमारी पृथ्वी एक चमकते हुए हरे गोले की तरह नजर आ रही है। रंग-बिरंगी रोशनी के इस अद्भुत नजारे ने लोगों को हैरान कर दिया है।

### बुर्किना फासो में कानूनों को लेकर बड़ा बदलाव

औगाडौगू। पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो इन दिनों अपने दो बड़े और कड़े फैसलों को लेकर चर्चा में है। वजह है कैप्टन इब्राहिम त्रोर के नेतृत्व वाली देश की सैन्य सरकार ने आतंकवाद और देशद्रोह जैसी गंभीर वारदातों से निपटने के लिए मौत की सजा को दोबारा बहाल कर दिया है। इसके साथ ही, देश में ब्यूटी पेजेंट यानी सौंदर्य प्रतियोगिताएं पर भी रोक लगा दी गई है। 20 अक्टूबर 2026 को देश की ट्रांजिशनल पार्लियामेंट ने सर्वसम्मति से नए दंड संहिता को मंजूरी दी। इसमें सभी 71 सांसदों ने मौत की सजा के समर्थन में वोट किया।

### रूस से तनाव के बीच आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाएगा यूरोपीय संघ

नई दिल्ली। यूरोपीय संघ आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा मजबूत करेगा। इसके लिए संघ ने नई रणनीति पेश की गई है। जलवायु परिवर्तन की वजह से बर्फ तेजी से पिघल रही है और आर्कटिक में नए समुद्री मार्ग खुल रहे हैं। इसलिए उपग्रहों की निगरानी बढ़ाने, पाइपलाइनों की सुरक्षा और समुद्र के नीचे बिछी संचार केबलों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता होगी।

## ‘250% टैरिफ की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई’

### ट्रम्प फिर बोले-दोनों से कहा था लड़ाई नहीं रोकी तो अमेरिका से कारोबार बंद कर दूंगा

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाने के लिए दोनों देशों को 250% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों से साफ कह दिया था कि अगर लड़ाई नहीं रोकी, तो अमेरिका उनके साथ कारोबार बंद कर देगा। उनके मुताबिक, उनकी इस चेतावनी के बाद भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी बंद कर दी।

ट्रम्प ने फ्लोरिडा में एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु हथियार वाले देश हैं। उन्होंने दोनों देशों से कहा था कि अगर वे लड़ाई जारी रखेंगे, तो अमेरिका उनके सामान पर भारी टैरिफ लगाएगा।

उन्होंने दावा किया कि उनकी चेतावनी से दोनों देश बहुत नाराज हुए, लेकिन उन्होंने गोलीबारी रोक दी और युद्ध खत्म हो गया। ट्रम्प ने कहा, “जंग के दौरान 11 विमान गिराए गए थे। मैंने इसे रुकवाया है और ऐसा करना मेरे लिए सम्मान की बात है।” भारत ने लगातार किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया है। भारत के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति तब बनी, जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (DGMO) ने संपर्क किया और कार्रवाई रोकने की मांग की। साथ ही, भारत ने ट्रम्प के इस दावे को लगातार खारिज किया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान 11 विमान गिराए गए थे। भारत यह भी साफतौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं थी। भारत ने पिछले साल 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी। इस अभियान का मकसद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करना था।

## इस साल हवा में विमान टकराने का यह पांचवां बड़ा हादसा

# फिलीपींस में 2 ट्रेनी विमान टकराए, 4 पायलट की मौत

**दुर्घटना**

मनीला, एजेंसी

फिलीपींस में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान वायुसेना के दो विमानों में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों विमानों के चार पायलट की मौत हो गई। दोनों विमान दोपहर 3:51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर के फर्नांडो एयर बेस में गिरे।

हादसे के बाद फिलीपीन वायुसेना ने SF-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। यह रोक जांच पूरी होने तक जारी रहेगी।

इस साल हवा में विमान टकराने का दुनिया का यह पांचवां बड़ा हादसा है। दोनों विमान हवा में टकराने के बाद एयर बेस के अंदर गिरे। दोनों विमान हवा में टकराने के बाद एयर बेस के अंदर गिरे।

मई में 2 पायलट की मौतः उत्तरी फिलीपींस के पहाड़ी इलाके में SF-260 ट्रेनर विमान दुर्घट-नाग्रस्त हो गया था। हादसे में दो पायलट की मौत हुई थी।

2023 में भी विमान गिरा थाः ट्रेनिंग फ्लाइट के दौरान SF-260 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें भी दो पायलट की जान गई थी।

दोनों विमान हवा में टकराने के बाद एयर बेस के अंदर गिरे।

### विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे

एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, दोनों SF-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। इसी दौरान वे टकरा गए। एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे। SF-260 विमान इटली से खरीदे गए थे। फिलीपींस की सेना लंबे समय से पैसों की कमी के कारण अपने लड़ाकू विमानों, नौसेना और थलसेना को आधुनिक बनाने में मुश्किलों का सामना कर रही है।

## ईरान से 17 अक्टूबर से सप्लाई बंद, वहीं से 50% गैस आती है, ईरान ने इसकी तकनीकी वजह बताई

# पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर सात हजार रुपए का मिल रहा

इस्लामाबाद/तेहरान, एजेंसी

पाकिस्तान में LPG सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई है।

दरअसल, ईरान से पाकिस्तान को होने वाली LPG की सप्लाई रुक गई है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों देशों ने इसकी अलग-अलग वजह बताई हैं। पाकिस्तान ने बताया की उसने सुरक्षा चिंता और तस्करी रोकने के लिए यह सीमा बंद की है। वहीं, ईरान ने इसकी तकनीकी वजह बताई है।

पाकिस्तान के तेल और गैस नियामक प्राधिकरण (OGRA) ने

11.8 किलो के घरेलू LPG सिलेंडर की कीमत 3296 पाकिस्तानी रुपए तय की है। इसके बावजूद बाजार में सिलेंडर सरकारी कीमत से दोगुने से भी ज्यादा दाम पर बेचे जा रहे हैं। पाकिस्तान LPG एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान खोखर के मुताबिक, बलूचिस्तान में 12 किलो का सिलेंडर करीब 7000 रुपए, लाहौर में 7500 रुपए और स्कर्दू में 8200 रुपए तक में बिक रहा है।

पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने कहा कि सरकार खुद LPG आयात करके बाजार में उपलब्ध कराएगी। उन्होंने अगले 2 से 3 दिनों में कीमतों में सुधार शुरू होने की उम्मीद जताई।

जियो न्यूज के एक कार्यक्रम में मलिक ने कहा कि LPG की कीमत 400 से 425 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो के बीच होनी चाहिए। उन्होंने ज्यादा दाम वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार LPG की कीमत तय करने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगी। मलिक ने दावा किया कि बाजार और स्थानीय LPG की कीमतों के अंतर से करीब 30 अरब पाकिस्तानी रुपए का फर्क पड़ रहा है।

**पाकिस्तान अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 50% हिस्सा ईरान से आयात करता है। ऐसे में सप्लाई रुकने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है।**

पाकिस्तान में एक शख्स सिलेंडर उठाकर ले जाता हुआ।

### ओमान और इराक से भी आयात प्रभावित

पाकिस्तान अपनी LPG जरूरत का करीब 70% हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ईरान के अलावा इराक और ओमान से भी गैस आती है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक के मुताबिक, देश में हर दिन करीब 6500 से 7000 टन LPG की जरूरत होती है। इसमें से 2000 से 2500 टन गैस देश में तैयार होती है, जबकि बाकी जरूरत आयात से पूरी की जाती है।

लेकिन होर्मुज स्ट्रेट में ईरान जंग के कारण आई रुकावट से इन इराक और ओमान से होने वाला आयात भी प्रभावित हुआ है।

## वानुआतू में एक के बाद एक तीन शक्तिशाली भूकंप

पोर्ट विला, एजेंसी

वानुआतू द्वीप समूह के पास आज शनिवार को एक के बाद एक कई भूकंप आए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) ने इस क्षेत्र में 7.2, 6.9 और 6.3 तीव्रता के भूकंप दर्ज किए हैं। एजेंसियों से मिली जानकारी में, इन शक्तिशाली भूकंप के झटकों से फिलहाल किसी के हताहत होने या किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। USGS ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके बताया कि वानुआतू के सोला से लगभग 200 किलोमीटर पश्चिम में 7.2 तीव्रता का भूकंप आया। एजेंसी ने यह भी बताया कि पोर्ट-ओल्री से लगभग 197 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में 6.9 तीव्रता का और पोर्ट-ओल्री से लगभग 170 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) ने शनिवार सुबह वानुआतू द्वीप समूह में 6.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया। NCS ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि यह भूकंप भारतीय मानक समय (IST) के अनुसार सुबह 8:01 बजे आया और इसका केंद्र 20 किलोमीटर की गहराई पर था।



- वानुआतू में 7.2, 6.9 और 6.3 तीव्रता के तीन शक्तिशाली भूकंप।
- अमेरिकी और भारतीय एजेंसियों ने भूकंप के झटकों की पुष्टि की।
- इन झटकों से किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं।

**धमकी :** तेहरान बोला- ऐसा किया तो समुद्र में बिछी इंटरनेट केबल काट देंगे, इससे बैंकिंग-क्लाउड सर्विस पर असर

# ट्रम्प की ईरान पर फिर हमले की धमकी

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को फिर हमला करने की धमकी दी है। उन्होंने शुक्रवार को फ्लोरिडा में एक रैली के दौरान कहा, 'हम एक और छोटा ऑपरेशन एपिक फ्यूरी कर सकते हैं।'

अमेरिकी सेना ने 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ जंग शुरू की थी। इसे 'एपिक फ्यूरी' नाम दिया गया था। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि दोबारा हमला कब या किस तरह का होगा।

वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजराइल ने दोबारा हमला किया तो वह खाड़ी देशों में समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल को निशाना बनाएगा। इससे इंटरनेट सेवाओं, बैंकिंग और ऑनलाइन कारोबार पर असर पड़ सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के

### ट्रम्प बोले- युद्ध जल्दी खत्म कर सकते हैं

इससे पहले ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से कहा,हम इस जंग को बहुत जल्दी खत्म कर सकते हैं। सवाल यह है कि क्या हम इसे पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं या इसे धीरे-धीरे कमजोर पड़ने देना चाहते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से तेल की आवाजाही जारी है। यह समुद्री रास्ता दुनिया में तेल की सप्लाई के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, 'हमें वह सब मिल रहा है जो हम चाहते हैं।'

### फ्रांस और तुर्किये ने नए हमले के खिलाफ चेताया

ईरान पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की आशंका के बीच कई देशों के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि इससे युद्ध पूरे क्षेत्र में फैल सकता है और आर्थिक नुकसान बढ़ सकता है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने कहा कि ईरान पर नया हमला तनाव बढ़ाएगा और युद्ध को दूसरे देशों तक फैला सकता है। उन्होंने कहा कि संघर्ष खत्म करने का रास्ता बातचीत और कूटनीति ही है।

हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि जिन जगहों को निशाना बनाया जा सकता है, उनमें ईरान के ऊर्जा ठिकाने, परमाणु केंद्र और मिसाइल-ड्रोन का भंडार शामिल हैं।

फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-नोएल बारो ने भी तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच टकराव बढ़ने से किसी को फायदा नहीं होगा और तेल-गैस की कीमतों पर गंभीर असर पड़ सकता है। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वाडेफुल ने कहा कि जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ईरान के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, ताकि वह परमाणु हथियार हासिल न करे।

ट्रम्प ने शुक्रवार को एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि ईरान अगर डील नहीं करता तो एक और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी हो सकता है।

### ट्रम्प ने कहा था- हम मिडटर्म चुनाव से पहले हमला नहीं करेंगे

ट्रम्प युद्ध को खत्म करने की समयसीमा को लेकर पहले भी अलग-अलग बयान दे चुके हैं। अक्टूबर की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि अमेरिका 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव से पहले ईरान पर हमला नहीं करेगा।

इन चुनावों से तय होगा कि अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा।

## फ्रांस में आज फिर प्रदर्शन फुटबॉल मैच टला

### हिंसा रोकने के लिए 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस में पिछले हफ्ते हुई हिंसा के बाद आज फिर देशभर में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन होंगे। हिंसा और लूटपाट रोकने के लिए देशभर में करीब 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इनके साथ पुलिस की विशेष टीमें, करीब 20 बख्तरबंद वाहन और पानी की बौछार करने वाले 15 वाहन भी तैनात रहेंगे।

पिछले शनिवार को 5 लाख से ज्यादा लोग प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे थे। प्रदर्शन के दौरान दुकानों में तोड़फोड़ हुई, लूटपाट की गई और गाड़ियों में आग लगाई गई। अब तक 2,700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

हालात को देखते हुए कई शहरों में कर्फ्यू लगाया गया है और लोगों के इकट्ठा होने पर रोक है। पेरिस का लूव्र म्यूजियम बंद रहेगा, जबकि पेरिस सेंट-जर्मेन और लियोन के बीच फुटबॉल मैच भी टाल दिया गया है। स्कूलों की खराब हालत को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब महंगाई, बढ़ते खर्च और सरकारी सुविधाओं में कटौती के खिलाफ भी फैल गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। एक महीने से ज्यादा समय पहले स्कूलों की हालत को लेकर प्रदर्शन शुरू होने के बाद यह उनकी छात्र संगठनों के साथ पहली सीधी बैठक थी। मैक्रों ने कहा था कि वीकेंड पर सिर्फ मजदूर संगठनों के प्रदर्शनों को मंजूरी दी जाएगी।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676